ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

सही चुनें सभी चुनें

वैशाख कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 28 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 190, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

पेज-12

सेंसेक्स 73,730.16 ▲ -609.28
डॉलर 83.404 ▼ +0.133

पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 71,560
चांदी (1 किलो) 81,040

एक नजर

साहिबगंज में कार से 4.33 लाख रुपये बरामद

साहिबगंज। लोकसभा चुनाव को देखते हुए साहिबगंज जिला प्रशासन ने राधानगर हाईस्कूल चौक के समीप चेकपोस्ट बनाया है। इस चेकपोस्ट पर शनिवार की दोपहर वाहनों की जांच के दौरान एक गाड़ी से 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए गए। जांच के दौरान पुलिस ने चार पहिया वाहन (जेएच 05डीएच 5198) की तलाशी ली। इससे पुलिस ने 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये पैसे राजमहल के एक सीमेंट व्यवसायी के हैं। चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट बीएफटी अब्दुल रजाक अग्रिम कार्रवाई कर रहे हैं। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गाड़ी से बरामद रुपये की जांच की जा रही है। सीमेंट व्यवसायी ने भी व्यवसाय से जुड़ी राशि होने की बात बताई है।

स्कूलों में दो बार बजेगा वाटर बेल

रांची। राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्कूलों में बच्चों को दो बार कम से कम एक-एक ग्लास पानी पिलाना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने सभी जिलों के डीईओ और डीएसई को पत्र लिखा है। स्कूलों में 8:30 और 10:30 बजे वाटर बेल बजाने के लिए कहा गया है। यह आदेश सरकारी के साथ निजी स्कूलों में भी लागू होगा।

आज के मैच

समय : 28 अप्रैल, 3:30 बजे से
स्थान : अहमदाबाद

समय : 28 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : चेन्नई

आजकल

इलाजरत छात्रा की मौत के बाद एमएमसीएच में हंगामा

डॉक्टरों के साथ धक्का-मुक्की, एक घंटा ओपीडी ठप

- मौत के बाद परिजनों का व्यवहार काफी अमर्यादित : डॉ. रंजन
- मेडिकल कॉलेज के छात्र भी डंडा लिए नजर आए

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एमएमसीएच में शनिवार को करीब दो बजे अपराह्न इलाजरत छात्रा की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। इससे अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। करीब एक घंटे तक ओपीडी सेवा बाधित रही। चिकित्सकों के साथ धक्का-मुक्की की नौबत आ गयी। जानकारी के अनुसार छतरपुर थाना के रामगढ़ के रहनेवाले संजय प्रकाश यादव की 20 वर्षीय पुत्री घरेलु विवाद में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में पूर्वाह्न 10 बजे के करीब में भर्ती कराया। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक इलाज के बजाय इधर-उधर दौड़ाते रहे। सही इलाज नहीं किया, इस कारण बच्ची की जान चली गई। इन बातों का जिक्र जब संबंधित चिकित्सक के पास परिजन करने लगे तो दोनों तरफ से तू-तू मैं- मैं की स्थिति आ गई। बात बिगड़ गई। देखते ही देखते ओपीडी परिसर में लोगों ने जमकर बवाल काटा। इससे इलाज के लिए आए मरीज दहशत में नजर आये। आरोप है कि मौत के बाद क्षुब्ध परिजन व उनके समर्थकों ने डॉक्टर को पीटने के लिए दौड़ाने लगे जिसके बाद कई डॉक्टरों ने रूम में बंद होकर अपनी जान बचाई। वहीं दूसरी ओर डाक्टरों के समर्थन में मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर भी आ गए। इससे बात और भी बढ़ गई। हंगामा को देखते हुए शहर थाना पुलिस को बुलाना पड़ा। इस संबंध में प्रभारी अधीक्षक डॉ. रंजन ने बताया कि मौत के बाद परिजनों का व्यवहार काफी अमर्यादित था। जिस कारण अव्यवस्था का माहौल कायम हो गया। डॉक्टरों के साथ धक्का-मुक्की की गई। उन्होंने बताया कि पर्ची देखने से स्पष्ट है कि छात्रा का इलाज किया जा रहा था। जो एक प्रक्रिया के तहत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सुरक्षा की मांग

डॉ. आरके रंजन ने बताया कि प्रायः चिकित्सकों के साथ परिजन दुर्व्यवहार करते हैं। ऐसे में चिकित्सकों का मनोबल पर प्रतिकुल असर पड़ रहा है। उन्होंने पलामू एसपी से एमएमसीएच में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस तरह का मामला एक माह पहले भी हुआ था जिसकें चिकित्सकों को सबकुछ छोड़कर भागकर जान बचानी पड़ी थी।

गढ़वा में फंदे से लटकता मिला बीडीओ का शव

पुलिस हत्या और आत्महत्या के एंगल से जांच कर रही है

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिले के विशुनपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्नान केरकेटा का शव शनिवार की दोपहर उनके आवास पर फंदे से झूलता मिला। जैसे ही यह खबर फैली प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही आमलोगों में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार जब ब्लॉक स्टाफ दोपहर तीन बजे किसी कागजात पर उनसे हस्ताक्षर कराने गए तो दरवाजा बंद था। कर्मियों ने इसकी सूचना विशुनपुरा थाने को दी। सूचना पर थाना प्रभारी राहुल सिंह बीडीओ आवास पर पहुंचे। आवास के खिड़की से देखा तो बीडीओ का शव रस्सी से झूलता पाया। इसके बाद थाना प्रभारी ने वरीय अधिकारियों को घटना की सूचना दी। वरीय अधिकारियों के पहुंचने एवं परिजनों की सहमति के बाद डेड बॉडी को फंदे से उतारा गया। बीडीओ मूलतः सिमडेगा के रहने वाले थे। उनकी पत्नी ज्योति खलखो सरकारी शिक्षक हैं। उनका एक लड़का रेक्स करकेट्टा वर्तमान में हटिया सिंह मोड स्थित अनीश अपार्टमेंट में रहता है। घटना को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

चालक फोन पर कर रहा था बात तीखे मोड़ पर पलट गई स्कूल बस

ग्रेटर नोएडा में 50 बच्चों से भरी बस पलटी, 10 गंभीर रूप से घायल

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में शनिवार को करीब 50 बच्चों से भरी एक स्कूल की बस पलट गई। इस घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो तत्काल टीम मौके पर पहुंची। सभी बच्चों को बस से बाहर निकला गया। बस का इमरजेंसी गेट तोड़कर बच्चों को कड़ी मेहनत के बाद बाहर निकाला गया। आसपास मौजूद कुछ लोगों का कहना है कि बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हालांकि, पुलिस ने इसको लेकर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

- बस पर सवार थे तीस बच्चे, एक बच्ची के सिर में गंभीर चोट, कराया गया सीटी स्कैन
- हादसे में एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मांडर थाना क्षेत्र के ब्रांबे के पास शनिवार को सुबह छह बजे संत मारिया स्कूल की बस पलट गई। इस हादसे में एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस चालक फोन पर बाते करते हुए तेज गति में गाड़ी मोड़ने का प्रयास कर रहा था। तभी गाड़ी का चक्का स्केट करते हुए एक तरफ झुक गया और वह खेत में जा गिरा। मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को बस से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही खलारी डीएसपी रामनरायण चौधरी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि फिलहाल सभी बच्चे सुरक्षित हैं। बताया कि एक बच्ची निधि कुमारी के सिर में चोट लगी है। बच्ची का सीटी स्कैन कराया गया है। ताकि अगर कुछ गंभीर हो तो दूसरे अस्पताल में इलाज कराया जा सके।

स्थानीय लोगों ने की मदद : दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने बच्चों को बस से निकाला। मांडर पुलिस के साथ स्थानीय लोगों ने बस का पिछला शीशा तोड़ा और सभी बच्चों को बाहर निकाला। बच्चों को एंबुलेंस और पुलिस वाहन से तुरंत नजदीकी के अस्पताल पहुंचाया गया। राहत की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड में बच्चों के जरिए ड्रग पैडलिंग

40 लाख की अफीम के साथ नाबालिग गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। ड्रग पैडलर अब अफीम, ब्राउन शुगर, गांजा की खेप एक से दूसरी जगह पहुंचाने के लिए बच्चों का इस्तेमाल कर रहे हैं। झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत सिमरिया में पुलिस ने एक नाबालिग को 40 लाख रुपये की अफीम के साथ पकड़ा है। सिमरिया एसडीपीओ अजय केसरी ने बताया कि नाबालिग के जरिए तस्करी कराने वाले माफिया को चिन्हित कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि अफीम की बड़ी खेप तस्करी के लिए हजारीबाग ले लाई जा रही है। इसपर टीम गठित की गई, जिसने चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित बलबल मंदिर के समीप बस का इंतजार कर रहे नाबालिग से शक के आधार पर पूछताछ कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से आठ किलोग्राम अफीम बरामद किया गया। बरामद अफीम का बाजार मूल्य एनसीबी की ओर से तय दर के अनुसार करीब 40 लाख रुपये है। बालक ने बताया कि उसे गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेय टोला निवासी राहुल पांडेय ने अफीम हजारीबाग पहुंचाने का जिम्मा दिया था। इसके एवज में उसे मोटी रकम देने की बात कही गई थी। बालक के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर राहुल पांडेय के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

सिसई थाने का मुंशी घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

गुमला। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), रांची की टीम ने शनिवार को गुमला जिले के सिसई थाना के मुंशी को मधुसूदन झा को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस संबंध में रांची के ईटकी निवासी सौरभ कुमार गुप्ता ने लिखित आवेदन दिया था कि उन्हें एक मामले में सिसई थाना के जरिये गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तारी के समय सौरभ का मोबाईल, लैपटॉप एवं अन्य समान को सिसई थाना ने जब्त किया था। न्यायालय से जमानत लेने के बाद जब्त सामानों का रिलीज आर्डर लेकर सौरभ जब सिसई थाना गये तो सामानों को रिलीज करने के एवज में सिसई थाना के मुंशी मधुसूदन झा ने उनसे दस हजार रुपये रिश्वत की मांग की। इसके बाद एसबी टीम ने शनिवार को मधुसूदन झा को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

टिकट नहीं मिला तो एक महीने के अंदर रामटहल ने कांग्रेस को किया बॉय-बॉय

- कहा, मीर और राहुल गांधी ने खुद दिया था टिकट का भरोसा, अपनी बात से मुकरे तो मैंने छोड़ी पार्टी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अभी एक माह भी नहीं हुए थे कि टिकट की आस में नई दिल्ली जाकर कांग्रेस का दामन थामने वाले भाजपा के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस को बॉय-बॉय कर दिया। रांची प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पूर्व सांसद ने इस्तीफे की घोषणा की। पूर्व सांसद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। पूर्व सांसद पिछले माह 28 मार्च को ही कांग्रेस में शामिल हुए थे। रामटहल चौधरी ने कहा कि रांची लोकसभा सीट से टिकट देने की शर्त पर वे कांग्रेस में शामिल हुए थे, रांची लोकसभा के जातीय समीकरण को ध्यान में रख कर ही राहुल गांधी ने उनसे कहा था कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी होगी। इसी आधार पर उन्होंने पार्टी की सदस्यता लेने को कहा था, उसके पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम मीर ने भी कई बार टिकट देने का भरोसा दिया था। सदस्यता लेने के बाद 15-20 दिनों तक वे लोग टहलाते रहे और अंत में किसी और को टिकट दे दिया। पूर्व सांसद ने कहा कि वे पार्टी का झंडा ढ़ोने के लिए कांग्रेस में शामिल नहीं हुए थे, इसलिए कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं।

पांच साल तक भाजपा का नहीं खटखटाया दरवाजा : पूर्व सांसद ने कहा कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू पुलिस ने दो माओवादी कमांडर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस और सीआरपीएफ 172 बटालियन के संयुक्त छापामारी अभियान में दो माओवादी कमांडर राजेंद्र भुइयां और विष्णु विश्वकर्मा को हथियार के साथ गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि राजेंद्र भुइयां लोकसभा चुनाव के दौरान किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस गुप्त सूचना के आधार पर एक गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम नासो जमालपुर स्थित राजेन्द्र भुइयां एवं अन्य सहयोगियों के घर पर छापामारी की गई छापामारी के दौरान चार भरठुआ बन्दुक, दो बैरल, लोहे का पाईप, बारूद एवं भरठुआ बन्दुक में भरने वाला मसाला, छर्रा, बैरिंग छर्रा, बन्दुक में उपयोग होने वाला घोड़ा एवं उसका अन्य पूर्जे बरामद किये गए। जिसे विधिवत जब्त किया गया तथा इसमें संलिप्त राजेन्द्र भुइयां एवं विष्णु विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

चुनाव में उत्पात मचाने की थी मंशा : एसपी

एसपी ने बताया कि राजेन्द्र भुइयां पहले नितेश के दस्ता में काम करता था। काला पहाड़ की घटना में शामिल होने के साथ- साथ ही लोहबंध में एयरटेल कंपनी का टॉवर निर्माण के कार्य को रोकवाने का भी आरोपी रहा है। राजेन्द्र भुइयां पिछले एक साल से नितेश के दस्ते से अलग किसी दूसरे स्थान पर अपना नाम छिपा कर रह रहा था। हाल के दिनों में फिर से वह नितेश के सम्पर्क में आने के बाद माओवादी गतिविधियों से जुड़ गया था। इन लोगों की मंशा चुनाव में बड़े पैमाने पर उत्पात ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रांची में बर्ड फ्लू संक्रमित दो चिकित्सकों सहित छह को किया गया क्वारंटाइन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5एन1) फैला हुआ है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो चिकित्सकों समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। इस बाबत प्रक्षेत्र के डॉ. गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किए हैं, जिसकी जांच की जायेगी। जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले इसके लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दिल्ली से आयी केंद्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ. रजनीश गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि होटवार के एक किमी के इलाके में अंडे, मुर्गी और बत्तख की बिक्री पर रोक लगा दिया गया है। यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गए हैं। डॉ रजनीश गुप्ता ने लोगों से आग्रह किया है कि बर्ड फ्लू की वजह से ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। बस सावधानी बरतने की जरूरत है, जिन लोगों के घरों आसपास मुर्गी पालन किया जाता है, उन्हें अलर्ट रहने की जरूरत है। यदि उन्हें तेज बुखार, गले में खराश, सर्दी-जुकाम, बदन दर्द, भूख में कमी जैसे लक्षण होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए।

इंडिया

सबसे महंगा और सुविधायुक्त चुनाव में बढ़ेगी भागीदारी ?

सुनील बादल

चुनाव आयोग, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अनुसार 2024 के चुनावी खर्च का अनुमान है कि यह सबसे महंगा चुनाव होगा जिसमें बूथों में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराकर वोटरों को यह संदेश देना है कि असुविधा के कारण कोई वोटर बूथ में जाने से हिचके नहीं । प्रति मतदाता खर्च रुपये में इस कारण रिकॉर्ड वृद्धि हुई है पर क्या रिकॉर्ड मतदान सुविधाएं बढ़ाकर होगा? क्योंकि कुछ वोटर सुविधाओं की कमी से नहीं जाते पर मतदान का प्रतिशत कम होने के अन्य कई कारण भी हैं ।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की घोषणा करते हुए कहा था कि इस बार हर बूथ पर महिला और पुरुष के लिए शौचालय,दिव्यांगों के लिए रैंप और पीने के पानी जैसी आवश्यक हर सुविधा भारत के चारों कोने में चाहे वो कितने भी सुदूरवर्ती इलाके हों उपलब्ध कराई जाएगी। घर बैठे 85 वर्षीय बुजुर्ग और 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग को वोट दिलाना भी अत्यंत खर्चिला है और अनेक स्थानों पर हेलिकॉप्टर या चार्टर्ड प्ले न के उपयोग से चुनाव बहुत ही महंगा साबित होने वाला है। विचारणीय यह है कि क्या सुविधाओं की कमी के कारण लोग कम वोट देने जाते हैं? या रोजी रोजगार की तलाश में बहुत बड़ी संख्या में स्थायी और अस्थायी जो पलायन होता है।उससे गांव के गांव या कस्बे खाली हो जाते हैं और उसमें से कम लोग ही ऐसे होते हैं जो चुनाव के समय अपनी जिम्मेदारी समझते हुए गांव वापस लौट पाते हैं। यह एक बड़ा कारण है, खास तौर पर झारखंड में। जिसके कारण मतदान का प्रतिशत कम हो जाता है। और कई बार बहुत सारे लोग अपनी सक्रियता से या पार्टियों की सक्रियता से वोट का प्रतिशत अपने अपने हिस्से के लिए बढ़ाते हैं जिससे मतदान प्रभावित होता है। जबकि परिणाम देखकर यह लगता है कि जनता ने किसी एक खास पार्टी या विचारधारा को चुना है जबकि यह बूथ मैनेजमेंट कहा जाता है। कार्यकर्ता घर घर पर्ची पहुंचाकर अनुनय विनय कर उन्हें प्रेरित कर बूथ तक ले जाते हैं यह सिलसिला विरोधी समझे जाने वाले वोटरों के पास नहीं की जाती है। इसपर भी चुनाव आयोग को विचार करना चाहिए।18वीं लोकसभा के लिए हो रहा चुनाव पूरी प्रक्रिया के हिसाब से ही नहीं, मतदाता पर होने वाले खर्च के हिसाब से भी सबसे महंगा चुनाव होने वाला है। इस बार 96.88 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार सुचारु रूप से मतदान कराने पर इस बार भारत सरकार करीब 24 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। इस लिहाज से हर मतदाता पर करीब 243 रुपये खर्च होने का अनुमान है।अब बात पहले आम चुनाव 1952 की करें, तो 17.32 करोड़ लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। कुल 10.45 करोड़ रुपये खर्च हुए और हर मतदाता पर 60 पैसे की लागत आई। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) के अनुसार, 2019 के आम चुनावों में सरकार ने करीब 12 हजार करोड़ रुपये खर्च किए और हर मतदाता पर 93 रुपये खर्च हुए।आंकड़ों पर नजर डालें, तो शुरू के छह आम चुनावों में प्रति मतदाता लागत एक रुपये से भी कम थी। मगर, बढ़ती महंगाई और रुपये के कमजोर होने से हर बार चुनाव के खर्च में बेतहाशा वृद्धि होती है। चुनाव आयोग हर साल मतदाता जागरूकता अभियान, वोटर कार्ड बनाने से लेकर ईवीएम के रखरखाव पर बहुत खर्च करता है। 2014 में पहली बार मतदाता सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) का उपयोग किया गया, इस वजह से भी लागत में वृद्धि हुई।लोकसभा चुनाव पर होने वाला पूरा खर्च भारत सरकार वहन करती है, जबकि कानून-व्यवस्था बनाए रखने का खर्च संबंधित राज्य सरकारों की ओर से वहन किया जाता है।

एक नजर

एसपी रीष्मा रमेशन ने वोट देने को लेकर ग्रामीणों को बढ़ाया उत्साह

नौडीहा बाजार। प्रखण्ड में क्षेत्र में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने छतरपुर प्रखंड भ्रमण कर पहुंची नौडीहा बाजार दोनो प्रखंडों के ग्रामीणों से पलामू में 13 मई को वोट पड़ने व देने को लेकर ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। खास कर के महिलाओं से वार्ता कर उनका उत्साह बढ़ाया। साथ में सीआरपीएफ, छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम , छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन एवम नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

पत्रकार को मातृशोक

छतरपुर। पत्रकार धर्मेंद्र सिंह उर्फ रिंकू के 68 वर्षीय मां सरस्वती देवी को शुक्रवार के मध्य रात्रि अचानक तबियत बिगड़ने से उनका निधन हो गया। यह जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। शनिवार को छतरपुर स्थित मदैया घाट उनका दाह संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में छतरपुर के कई गणमान्य लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए शामिल हुए और ईश्वर से उनकी आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की।

वाहनों पर जमकर हो रही ओवरलोडिंग, प्रशासन मौन

नाबालिग के हाथो में ऑटो की कमान, लोगों की जान पर आफत

सड़को पर सरपट दौड़ रही सवारी से भरी ओवरलोड वाहन

इस दिनों मोहम्मदगंज में ओवरलोड कर सवारी गाड़ी चलाना आम बात हो गई है। यह नजारा मोहम्मदगंज स्टेशन रोड व मुख्य सड़क पर आएं दिन देखने को मिलता है। वाहन चालक लोगों की जान को खिलवाड़ कर रहे हैं। चालक सवारियों को सीटो के अलावे गाड़ी के छतों पर बैठा व लटकाकर ले जा रहे हैं। वहीं लोग भी जल्दी पहुंचने के चक्कर में जोखिम उठा रहे हैं लेकिन इन सब के बीच पुलिस व परिवहन विभाग दोनों जिम्मेदार हैं। विभाग कड़ी कर्रवाई नहीं कर रही है। इससे वाहन मालिक व चालक दिनों के हौसले बुलंद है।

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। प्रशासनिक लापरवाही के कारण इन दिनों मोहम्मदगंज में नाबालिग भी वाहन चलाते देखे जा रहे हैं। नियमों को ताक पर रख कर ऑटो को सड़को पर बेधड़क चलाते देखे जा रहे हैं। वाहन मालिक अपने ऑटो को नाबालिग के हाथों सौंप दिए हैं। वह इन्हें लापरवाही और अनियंत्रित गति से सड़को पर दौड़ा रहे हैं। इससे दुर्घटना की आशंका अधिक हो गई है। नाबालिग को वाहन देकर उनकी और दूसरों की जान खतरे में डाल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक दो नाबालिग युवक हमेशा ऑटो को चलाते देखे जाते हैं।

नाबालिग चालक ने पलटी थी ऑटो आधा दर्जन लोग हुए थे घायल

बीते दिनों मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ में नाबालिग चालक ने भजनिया गांव में नागबाबा मंदिर के पास सवारी से भरी ऑटो को सड़क किनारे खाई में पलट दिया था। इस घटना में आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। जिसके बाद पुलिस ने ऑटो को जब्त किया था। ऑटो मोहम्मदगंज निवासी जितेंद्र मेहता का बताया गया था।

अभिभावक हैं जिम्मेदार

इस संबंध में लोगों का कहना है कि नाबालिगों के तेज गति से वाहन चलाने के लिए उनके अभिभावक भी जिम्मेदार हैं। नाबालिग ऑटो, बाइक की चाबी सौंपते समय उन्हें सोचना चाहिए कि उनका बच्चा अभी वाहन चलाने योग्य नहीं हुआ है। साथ ही उसकी उम्र ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की हुई है या नहीं। देश में 18 वर्ष की उम्र पार कर लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का कानून है, परंतु कानून की धज्जियां रोज उड़ाई जा रही है। कई विद्यालयों में पढ़ने वाले नाबालिग छात्र-छात्राएं अक्सर दोपहिया वाहन से विद्यालय आते व जाते हैं। लोगों का कहना है कि विद्यालयों के प्रशासन को भी ऐसे छात्र छात्राओं के अभिभावक से उन्हें वाहन न चलाने देने की सलाह देनी चाहिए।

बड़े भारी वाहन को भी चलते है नाबालिग

ऐसा नहीं है कि नाबालिग केवल बाइक या ऑटो चलाते देखे जाते हैं। कई नाबालिगों को तो अक्सर ट्रैक्टर को भी चलाते देखा जाता है। मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के आसपास बने ईंट भट्ठों से ईंटें तथा बालू, मिट्टी आदि ढोने वाले ट्रैक्टरों को अक्सर नाबालिग या बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले अनुभवहीन लोग चलाते हैं। कई बार ये अनुभवहीन चालक दुर्घटना का कारण भी बनते हैं।

सुरक्षा का नहीं रख रहे ध्यान

शहर के ग्रामीण क्षेत्र में सवारी गाड़ी के साथ लंबी दूरी के बस भी संचालित है। शहर और गांव के बीच 20 से 25 किमी के दायरे में संचालित सवारी वाहनों में यातायात और परिवहन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। परमिट के अनुसार वाहन नहीं चल रहे हैं और ना ही यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है।

इस जगह से हो रही ओवर लोडिंग

मोहम्मदगंज स्टेशन रोड में सभी सवारी गाड़ी और बसे खड़ी रहती है। यहां वाहनों पर ओवरलोडिंग कर पलामू जिले के हैदरनगर, जपला, कादल कुर्मी, उंटारी रोड सहित गढ़वा जिले के मझिआव, कांडी, मोरबे, सोंडीपुर, लमारी सहित अन्य ग्रामीण रूटों में बेधड़क बिना रोकटोक दौड़ रहे हैं।

छात्र खेल की दुनिया में भी अपना बेहतर भविष्य बना सकते हैं : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला के प्लेग्राउंड में शनिवार को सुबह में आईकीयूऐसी के तत्वावधान में मजदूर किसान महाविघालय में क्रीड़ा विभाग के द्वारा फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। यह मैच महाविद्यालय के एनएसएस बनाम विभागीय छात्र के बीच खेला गया। मजदूर किसान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप कुमार राम ने फुटबॉल मैच का किक मारकर उद्घाटन किया। डॉक्टर दिलीप कुमार राम ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद में भी भगा लेनी चाहिए। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। फुटबॉल की दुनिया में भी छात्र अपना बेहतर भविष्य बना सकते हैं। इसमें महाविद्यालय के एनएसएस छात्र के अलावे इतिहास, भूगोल, हिन्दी, कुड़ुख के छात्र भाग लिया। इस मैच में कड़े मुकाबले के बीच अंतिम क्षण में अभय, नीरज ने एक गोल दाग कर अपनी टीम को जीत दिलाई। इस अवसर पर मजदूर किसान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप कुमार राम, आईकीयूऐसी राजीव रंजन, क्रीड़ा विभाग के मनीष कुमार रंजन सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

पान दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पांकी पुलिस अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। गुप्त सूचना के आधार पर पांकी पुलिस ने सगालीम बस स्टैंड से अवैध शराब के साथ दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। साथ ही दोनों दुकानदारों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। इस संबंध में पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सगालीम बस स्टैंड में पान दुकान की आड़ में शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने सगालीम में रोहित कुमार और उपेन्द्र कुमार के पान दुकान में छापेमारी की गई। दोनों दुकानों से बड़े पैमाने पर अवैध शराब की बोतलें बरामद की गई हैं। पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस ने की अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी

हरिहरगंज। पुलिस अधीक्षक पलामू रीष्मा रमेशन के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में शनिवार को सेमरवार पंचायत के रजवार गांव में छापेमारी की गयी. इस दौरान तीन घरों से करीब डेढ़ क्विंटल जावा महुआ, 20 लीटर निर्मित शराब के साथ ही शराब बनाने के 15 जार सहित अन्य उपकरणों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। उक्त कार्रवाई से अवैध शराब चुलाई करनेवाले और बिक्री करने वालों में हड़कंप है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की सख्ती आगे भी जारी रहेगी। छापामारी अभियान में पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के अलावे सशस्त्र बल शामिल थे।

विद्यालय में पेयजल संकट मुखिया ने कराई बोरिंग

नवीन मेल संवाददाता

सतबरवा। प्रखंड के बारी मुखिया निरोत्तमा कुमारी के प्रयास से राजकीय कृत मध्य विद्यालय में पीने के पानी के लिए हेंड पम्प का बोरिंग करवायी गयी। ज्ञात हो कि ग्रामीणो ने हैंड पंप लगाने के लिए मुखिया से गुहार लगाई थी। ग्रामीणों ने बताया था कि विद्यालय का चापाकल हमेशा खराब रहता है, जिसके कारण मध्याह्न भोजन बनाने के लिए कुएं से पानी लाकर मध्याह्न भोजन बनाना पड़ता है। छात्र - छात्राओं को भी पीने के पानी के लिए काफी दिक्कत होती है। मुखिया निरोत्तमा कुमारी ने बताया कि विद्यालय के हेडमास्टर गोपाल प्रसाद व बच्चों ने बताया था कि विद्यालय का चापाकल हमेशा खराब रहता है। पानी की कमी के कारण खाना बनाने के लिए दूसरे जगह से पानी लाकर खाना बनाना पडता था। वहीं बच्चों को पीने के पानी के लिए भी इधर-उधर जाना पड़ता था। इस संबंध मे पीएचईडी विभाग को इस परेशानी से अवगत कराया गया। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शनिवार को विद्यालय में पानी के लिए बोरिंग करवाया। मुखिया ने कहा कि जनता की समस्या के समाधान के लिए सदैव तैयार हैं। वही इसके लिए हेडमास्टर गोपाल प्रसाद,अमरेश कुमार सिंह,मो असरफ अंसारी, श्याम बिहारी सिंह, जुबैर खान, विद्यालय के अध्यक्ष असगर खान ने मुखिया का आभार व्यक्त किया।

खराब जलमीनार की मरम्मत कराई

पाटन। प्रखंड के हीरानंद लक्ष्मी उच्च विद्यालय किशुनपुर में पिछले 2 साल से खराब जलमीनार को बीडीओ अमित कुमार झा के निर्देशानुसार किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता के संरक्षण में मरम्मत करवाई गई। मुखिया ने कहा कि अब जलमीनार से अधिक मात्रा में पानी निकल रहा है। बच्चों को गर्मी के दिनों में पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। ऐसे भी अप्रैल महीने से भीषण गर्मी पड़ रही है। इस गर्मी में पानी की दिक्कत हो जाती है। इसी को देखते हुए खराब जलमीनार को दुरुस्त करवाया गया। स्कूल में अब स्कूल में पानी की समस्या नहीं होगी।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निकाली बाइक रैली

लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें : एलआरडीसी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। स्वीप कोषांग व जेएसएलपीएस सखीमंडल के तत्वावधान में शनिवार को हुसैनाबाद प्रखंड परिसर से स्कूटी और बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान जेएसएलपीएस की सखी मंडल की दीदियों द्वारा वोटर जागरूकता अभियान चलाया गया गया। जिसमें एलआरडीसी गौरांग महतो, बीडीओ रौशन कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार समेत प्रखंड एवम जेएसएलपीएस कर्मी तथा सभी सखी मंडल की दीदियों ने भाग लिया। रैली प्रखंड कार्यालय परिसर से निकल कर पटेल चौक, अंबेडकर चौक, जेपी चौक, नहर मोड़ होते हुए लगभग किलोमीटर की दूरी तय करते हुए गमहरिया स्कूल तक पहुंची । इस मौके पर एलआरडीसी ने कहा कि जेएसएलपीएस का यह आयोजन सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आगामी 13 मई को स्वयं मतदान करते हुए आम लोगों को भी प्रेरित करें। साथ ही उन्होंने उपस्थित दीदियों को भी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशंसा की। कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के सभी मतदातागण से अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लेने की अपील की गई। सखी मंडल की दीदियों ने पहले मतदान करें फिर, घर आकर जलपान करें का संदेश सभी मतदाताओं को दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, वशिष्ठ कुमार तिवारी, सीसी उमेश कुमार, रविरंजन कुमार, उर्मिला देवी, मुन्नी कुमारी, संजीदा बीबी, मानती कुमारी, रमेश कुमार, सभी जीसीआरपी , रीना देवी, बसंती देवी समेत कई अन्य कर्मी मौजूद थे।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

आम सूचना

'लोक सभा निर्वाचन-2024' के सफल संचालन के उद्देश्य से राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष 24x7 कार्यरत है। चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत एवं जानकारी हेतु राज्य मुख्यालय, राँची में अवस्थित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के टॉलफ्री नं० - **1800-331-1950** एवं Voter Helpline Number - **1950** पर आवश्यकतानुसार संपर्क किया जा सकता है।

जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

क्रम सं0	जिला		सम्पर्क दूरभाष
1.	साहेबगंज	-	06436-356485, 06436-222101
2.	पाकुड़	-	06435-222064, 9262216191
3.	दुमका	-	06434-295042
4.	जामताड़ा	-	06433-222004, 06433-222006, 06433-222007
5.	देवघर	-	06432-275733, 1800-345-0733
6.	गोड्डा	-	06422-222002
7.	कोडरमा	-	06534-252219
8.	हजारीबाग	-	06546-265233
9.	रामगढ़	-	06553-261417, 06553-261427
10.	चतरा	-	06541-253219
11.	गिरिडीह	-	06532-228829, 9693143157
12.	बोकारो	-	06542-242402, 06542-221125
13.	धनबाद	-	03262-222045
14.	पूर्वी सिंहभूम	-	06572-440111, 0657-2221718, 0657-2221717
15.	सरायकेला खरसावां	-	1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483
16.	पश्चिमी सिंहभूम	-	06582-296128
17.	रांची	-	8987790664, 9798300836
18.	खूँटी	-	06528-221755, 9262998530
19.	गुमला	-	06524-223686
20.	सिमडेगा	-	06525-299908
21.	लोहरदगा	-	06526-224014
22.	लातेहार	-	06565-247981
23.	पलामू	-	06562-230003, 06562-222295, 06562-230002
24.	गढ़वा	-	06201-261084

आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपरोक्त दूरभाष नम्बरों का भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के० रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

इस बार दिन भर मतदान

PR No. 324145 (Election) 2024-25

सुप्रभात पलामू

पलामू वासियों को नमस्कार।

18वीं लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इससे महिलाओं की मत का प्रतिशत बढ़ेगा।

भारती चौधरी, व्यवसायी, हुसैनाबाद, पलामू।

दुर्घटना के शिकार हो सकते है रेलवे के यात्री

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर कई जगहों से फुटवेयर ब्लॉक टूट गए हैं तो कई जगह से ब्लॉक गायब हो गए हैं। टूटे हुए ब्लाक के कारण यात्रियों को फिसल कर गिरने का डर बना रहता है। कई बार रात के अंधेरे में टूटे स्लैब के कारण यात्री यहां से गिरकर घायल भी हुए हैं। अगर इसकी मरम्मत नहीं करायी गई तो यहां पर कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। वहीं दूसरी ओर डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर पेयजल, शौचालय की सफाई की समस्या है। नवीन मेल के संवाददाता ने इस सबंध में स्टेशन

प्रबंधक से बात की तो उन्होंने बताया कि डाल्टनगंज स्टेशन का विस्तार किया जा रहा है, लेकिन यात्रियों की परेशानी को देखते हुए कुछ दिनों में इस समस्या को रेलवे द्वारा ठीक कर दिया जाएगा।

जेल में बंद सजायाप्ता बंदियों से मिले डालसा सचिव, अपील करने की सलाह दी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव शनिवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में सजायाप्ता बंदियों से मिले और उन्होंने कहा कि जो सजायाप्ता बन्दी अभी तक किसी कारण से अपील नहीं कर पाए,उन्हें अपील करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी सजा पाए बन्दी बिना अपील किए नहीं रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से वैसे बन्दियों को मुक्त में अपील करने की व्यवस्था की गई है । उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कई बन्दियों का अपील माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल कराया गया है। वहीं, जो बन्दी अपील के लिए रह गए हैं उनकी भी अपील माननीय उच्च न्यायालय में सरकारी खर्च पर दाखिल करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से समाज के कमजोर व बंचित लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध करायी जा रही है।

सर्वोच्च से लेकर सत्र न्यायालय में है मुफ्त अपील का प्रावधान

इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कि कोई भी सजा प्राप्त बंदी अपील हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में बंदी आवेदन भेज सकता है। जिसको मुफ्त में माननीय उच्च न्यायालय में सर्वोच्च न्यायालय में व जिला और सत्र न्यायालय में अपील का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट से सजा प्राप्त बन्दी जिला जज की अदालत में अपील दाखिल कर सकते हैं, जबकि जिला जज के यहां से सजा प्राप्त बंदी माननीय उच्च न्यायालय में अपील कर सकते हैं। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से जमानत ,अपील, रिवीजन आदि का कार्य किया जा रहा है। कोई भी बंदी जेल में बंदी आवेदन भेज कर मुफ्त में विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है । उन्होंने कहा कि जो बंदी किसी कारणवश अब तक अपील नहीं कर सके हैं या जिनका अपील लंबित है । वह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल से जुड़े अधिवक्ता सप्ताह के सभी दिन केंद्रीय कारा में बन्दियों से मिलने आते हैं। तथा उनके समस्याओं से रूबरू होते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का समस्या हो तो पीएलभी से लिखवा कर जेल प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार में भेजने का कार्य करें। ताकि आपको सहयोग प्रदान किया जा सके । इस मौके पर कारा अधीक्षक, जेलर के अलावे दर्जनों बंदी उपस्थित थे।

एक नजर

त्रुटियों में सुधार के लिए अवधि में किया गया विस्तार

मेदिनीनगर। शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत पलामू जिले के 18 मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षाओं के सामर्थ्य सीट के 25 प्रतिशत सीटों पर किये गए आवेदनों में त्रुटियों के सुधार के लिए पोर्टल के अवधि में विस्तार किया गया है। राइट टू एजुकेशन के लिए तैयार किये गए पोर्टल पर 26 अप्रैल से तीन मई तक अवधि विस्तार किया गया है ताकि त्रुटिपूर्ण आवेदनों पर विचार किया जा सके। जिला शिक्षा अधीक्षक रंधीर कुजूर ने बताया कि पलामू जिले के मान्यता प्राप्त स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों निःशुल्क दाखिला के लिए 118 आवेदन आया है। इसमें 70 आवेदन को सही पाया गया है। 24 आवेदन लंबित है। आठ आवेदनों को निरस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक कक्षाओं में दाखिला के लिए उम्र सीमा साढ़े चार वर्ष निर्धारित है। कुछ आवेदन ऐसे आये हैं, जिसमें छात्रों की उम्र सीमा साढ़े चार से अधिक है, वैसे आवेदनों को निरस्त किया गया है। 24 आवेदन लंबित है, उसमें किसी का आय प्रमाण पत्र की जगह दूसरा कागजात लगा दिया गया है। कुछ कॉलम को आवेदकों के अभिभावकों ने भरा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि त्रुटिपूर्ण आवेदनों में सुधार के लिए पोर्टल के अवधि में विस्तार किया गया है। निर्धारित तिथि के बाद किसी तरह का दूसरा मौका नहीं मिलेगा। इस कारण लंबित रखे गए आवेदनों के अभिभावक जो कमी है, उसे पूरा करते हुए पोर्टल पर पुनः समिट करेंगे। इसके बाद स्कूलों में दाखिला की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विस्तार किये गए अवधि में नया आवेदन नहीं लिया जाएगा।

सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों में आक्रोश



नौडीहा बाजार। प्रखण्ड अंतर्गत सरईडीह से डगरा जाने वाली मुख्य पथ, जो झारखंड बॉर्डर और बिहार सीमा को जोड़ती है। यह सड़क 10 किलो मीटर तक लंबी है। लेकिन, विगत 50 वर्षो से जर्जर अवस्था में पड़ी हुई है। इस सड़क की ग्रामीणों ने अपने खर्चे पर कई बार मरम्मत करायी है। ग्रामीणों ने इस सड़क को बनवाने के लिए कई बार विधायक से लेकर मंत्री तक को लिखित आवेदन दिया है, लेकिन किसी ने भी इसकी सुध नहीं ली। कई बार ग्रामीणों ने इस सड़क की मरम्मती के लिए प्रदर्शन भी किया। डगरा पंचायत की आबादी लगभग 25 से 30 हजार के बीच में है। बरसात में इस सड़क की स्थिति और भी खराब हो जाती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पहले रोड, फिर वोट, अगर रोड नहीं तो वोट नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि जब चुनाव नजदीक आता है तो कई नेता हमसे वोट मांगने आते हैं। जब हम उनसे सड़क की स्थिति के बारे में बताते है तो वे आश्वासन देकर चले जाते हैं। इस बात को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

दस दिन के बाद शुरू हुई पेयजल आपूर्ति

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार को दस दिनों के बाद पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई। मालूम हो की पिछले दस दिनों से देवरी सोन नदी स्थित पंप हाउस में लगा मोटर खराब हो गया था, जिसके चलते इस गर्मी में शहर के लोगों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गईं थी, लोगों की परेशानीयो को देखते हुए कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने पानी टैंकर से प्रभावति वार्ड मोहल्लों में पानी की व्यवस्था की थी, जिससे लोगों को कुछ राहत मिल रही थी, लोगों की परेशानियों को देखते हुऐ पंप हाउस में लगे मोटर जो जल चुका था, उसका मरम्मती कराने के बाद शनिवार की सुबह से शहर में लोगों के घर तक पेयजल आपूर्ति बहाल हो गई।

लोक अदालत में 146 मामले का निपटारा

पीठ संख्या 9 में रेलवे के दो मामले का निस्तारण किया गया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल शनिवार को 7:30 बजे सुबह से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत एन आई एक्ट व विद्युत विभाग से सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमें 146 मामले का निस्तारण किया गया। साथ ही नौ लाख 49 हजार 975 रुपए का मामला सेटल हुआ। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा कर रही थी। पीठ दो में इलेक्ट्रिसिटी एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह कर रहे थे। इस पीठ में विद्यत विभाग के 36 मामले

का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या तीन में जिला व सत्र न्यायाधीश के कोर्ट व सभी जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता शैलेंद्र नाथ चतुर्वेदी कर रहे थे। इसमें एमएसीटी के एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या चार में अपराधिक मामले का निस्तारण आनंद सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे कर रहे थे । इस पीठ में आपराधिक 18 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या पाँच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण ए सी जे एम संदीप निशित बारा व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह कर रहे थे। पीठ संख्या छह में सिविल जज जूनियर डिवीजन सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन चन्दन कुमार गोस्वामी व अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स राय कर रहे थे। पीठ संख्या सात में एन आई एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण रोजलिना बारा व अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय कर रहे थे । इस पीठ में एन आई एक्ट के एक मामले का निस्तारण किया गया।। पीठ संख्या आठ में जे जे बोर्ड से संबंधित मामले का निस्तारण जे एम रितु कुजूर व अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्रा कर रहे थे । इस पीठ में जेजे बोर्ड के एक मामले का निस्तारण किया गया । पीठ संख्या नौ में रेलवे कोर्ट से सम्बंधित मामले का निस्तारण रेलवे जेएम मनोज कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे । इस पीठ में रेलवे के दो मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या 10 में प्री लिटीटिगेशन से सम्बंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता व सदस्य अशोक प्रसाद कर रहे थे। इस पीठ में दो मामले का निस्तारण किया गया। वहीं एक हेल्प डेस्क लोगों को मदद के लिए बनाया गया था। जिसमें अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलभी मुनेश्वर राम वादकारियों की मदद कर रहे थे। वन विभाग को 17 हजार 400 व उत्पाद विभाग को 58 हजार 375 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। विद्युत विभाग को दो लाख 60 हजार रुपये व रेलवे को एक हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।

11 पीठों ओर एक हेल्फ डेस्क बनाया गया था

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया था। वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था।

पीठ संख्या 11 में सबसे अधिक 85 मामलों का हुआ निस्तारण

वहीं पीठ संख्या 11 में एग्जेक्युटिव रेवेन्यू व श्रम विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी व अधिवक्ता उत्तम कुमार कर रहे थे। इस पीठ में 107 सी आर पी सी के 85 मामले का निस्तारण किया गया।

तीन लाख 36 हजार 775 रुपये राजस्व की प्राप्त हुई

वन विभाग को 17 हजार 400 व उत्पाद विभाग को 58 हजार 375 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। विद्युत विभाग को दो लाख 60 हजार रुपये व रेलवे को एक हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।

एसपी के आदेश ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

मेदिनीनगर। पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर के कचहरी चौक के पास शनिवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया और चार पहिया वाहन को रोक कर उनकी गहनता पूर्वक तलाशी ली गई। वहीं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट और कागजात के कुल 18 वाहनों को पकड़ा गया। 17 वाहन को फाइन के लिए डीटीओ के पास भेज दिया गया है,जबकि एक वाहन को सीजीएम कोर्ट फाइन के लिए भेजा गया है।

पलामू लोकसभा: अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर दिए गए कई निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू लोकसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में अबतक की तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। साथ ही एसेंशियल सर्विसेज की श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान लोकसभा चुनाव 2024 में सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसेंशियल सर्विसेज के नोडल पदाधिकारियों से सभी योग्य मतदाता का नाम निर्धारित 12 डी फॉर्म में जमा कराने हेतु निर्देशित किया। केंद्रीय बलों के आवासन, आईएसआर वेरिफिकेशन, एएमएफ वेरिफिकेशन की भी ब्लॉकवार समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी रंजन ने कहा कि केंद्रीय बलों के आवासन और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं हो, पदाधिकारी इसका ख्याल रखें। सभी क्लस्टर पर पेयजल, शौचालय, बिजली की मुकम्मल व्यवस्था हो। उन्होंने पुलिस और पोलिंग पार्टी के आने-जाने और रहने की पूरी व्यवस्था के साथ समन्वय बनाने हेतु टैग किये गये रोजगार सेवक के साथ लगातार संपर्क में रहने की बात कही। उन्होंने सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का मतदाताओं के बीच ससमय वितरण कराने के निर्देश दिये। उपरोक्त के अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर विभिन्न निर्देश दिये। मौके पर सभी विभागों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

ऑमेजन की नौकरी छोड़ युवती ने किया स्टार्टअप, बन गई है प्रेरणा स्त्रोत

'वेक एड बेक विथ स्वाति' केक को दिला रही है एक नयी पहचान

सोमू गुप्ता

मेदिनीनगर में भी युवा स्टार्टअप को दे रहे हैं महत्व, नौकरी छोड़कर बिजनेस की ओर शिफ्ट हो रहे है और काफी बेहतरीन भी कर रहे हैं। ऐसा ही एक उदाहरण पलामू के मेदिनीनगर की रहने वाली स्वाति भगत का भी है। स्वाति ऑमेजन की नौकरी छोड़ कर घर की रसोई से बेकरी का स्टार्टअप शुरू की और आज दूसरों के लिए प्रेरणा बन चुकी है। खाना बनाने की शौकीन स्वाति घर पर केक सहित अन्य बेकरी का आइटम बनाकर लोगों को एक नये और बेहतरीन स्वाद से परिचित करा रही हैं। स्वाति मेदिनीनगर से ही आईसीएससी बोर्ड से मैट्रिक पास करने के बाद रांची के संत जेवियर से 12 वीं पास की है, जिसके बाद एक कंपटेटिव एग्जाम पास कर गवर्नमेंट कॉलेज से होटल मैनेजमेंट से ग्रेजुएशन पास किया। इसके बाद एक ऑमेजन में

सेलर सपोर्टर के पद पर गुड़गांव में काम किया। दो साल तक काम करने के बाद उसे कुछ अलग करने की इच्छा हुई। तब तक कोरोना आने से देश भर में लॉकडाउन लग चुका था। इस लिए वह मेदिनीनगर स्थित अपने घर लौट आई। अपने सपने पूरे करने के लिए एक नया स्टार्टअप कर 'वेक एड बेक विथ स्वाति' के नाम से घर में ही बेकरी की शुरूआत की। साथ ही सोशल मीडिया पर अपना पेज बनाकर तरह तरह के केक का पोस्ट डालना शुरू किया। हालाकि होटल मैनेजमेंट के कोर्स करने के कारण बिजनेस शुरू करने में कोई परेशानी तो नहीं हुई, जिसके बाद उन्हें केक, कुकीज, चॉकलेट पोस्ट के ऑनलाइन सोशल मीडिया के द्वारा ऑर्डर आने लगे। इस तरह यह पैशन धीरे-धीरे एक बिजनेस बन गया। स्वाति भगत ने नवीन मेल से बातचीत में बताया कि उसे रोजाना उन्हें लगभग 5 से 6 केक का ऑर्डर सोशल मीडिया के द्वारा और अपने परिचित लोगो के द्वारा मिल जाता है। स्वाति ने बताया कि 'वेक एड बेक विथ स्वाति' का केक शहर में काफी लोकप्रिय हो गया है । उनका केक कई स्वादों और डिजाइनों में उपलब्ध है। स्वाति ने अपने स्टार्टअप को झारखंड के विभिन्न जिलों में ब्रांच खोलने की भी बात कही और अपने ग्राहकों से अपील की कि 'वेक एड बेक विथ स्वाति' का केक दुकानों पर मिलने वाले अन्य केकों से बिल्कुल अलग है। शहर के बेकरी दुकान वाले केक बनाने में अंडा का इस्तेमाल करते है। इस कारण कई शाकाहारी ग्रहक केक खाने से परहेज करते हैं। हमारे यहां का केक में अंडा का इस्तेमाल नही होता, इसलिए सभी लोग केक का आनंद ले सकते है। उन्होंने अपने केक के बारे में यह भी बताया कि सबसे ज्यादा फ्रूट केक की है। इस तरह का केक शहर में शायद कहीं नहीं मिलता है। इसके अलावा वो ड्राई केक, क्रीम केक, फ्रूट केक, चॉकलेट और गिफ्ट हैंपर भी बनाती हैं यह सभी लोगों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। स्वाति ने बताया कि वह सबसे बड़ा 8 पाउंड तक का केक सेल कर चुकी है। इस काम में उनकी मां भी मदद करती है। केक बनाने के सारे सामान और पैकेट ऑनलाइन मंगाती है।

अस्पताल के स्टाफ पर मधुमक्खियों का हमला, घायल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अस्पताल के कर्मचारी मुकेश कुमार शनिवार की सुबह मधुमक्खियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित मुकेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस के पास बने सरकारी बिल्डिंग में वह रहता है। शनिवार की सुबह वह सदर अस्पताल में काम करने जा रहा था,तभी मधुमक्खियों ने उस पर हमला बोल दिया। इस हमलें में वह घायल हो गया। अन्य कर्मचारियों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। बताते चले कि कुछ दिन पहले भी सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में मधुमक्खियो ने मृतक राजमोहन पोलू के पोस्टमार्टम करवाने पहुंचे परिजनों व अन्य लोगों पर हमला बोल दिया था। हमले में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वही अन्य लोगों ने वहां से भाग कर मधुमक्खियों से खुद को बचाया था। पोस्टमार्टम हाउस के पास बनी बिल्डिंग में मधुमक्खियो का छते रहने की वजह आए दिन लोगों के साथ घटनाएं घट रही है।

लातेहार के महिला कॉलेज में बने बहुदेशीय परीक्षा भवन का आयुक्त सह प्रभारी कुलपित ने किया निरीक्षण

मेदिनीनगर। पलामू प्रमंडल के आयुक्त सह प्रभारी कुलपति नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय के बाल किशन मुंडा और कुलानुशासक ने शनिवार को लातेहार स्थित महिला कॉलेज के प्रांगण में बने बहुउद्देशीय परीक्षा भवन का निरीक्षण किया। यह भवन करीब 9 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बना है। इस बहुउद्देशीय परीक्षा भवन में एक साथ 1500 छात्र छात्राएं परीक्षा दे सकते हैं। यह जानकारी नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. के.सी झा दी। झा ने बताया कि राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय को अपने तीनों जिलों में एक-एक बहुदेशीय परीक्षा भवन बनाने को निर्देश दिया है। इस निर्देश के आलोक में यह बहुदेशीय परीक्षा भवन लातेहार के महिला कॉलेज के प्रांगण में बनकर तैयार है। प्रभारी कुलपति मुंडा ने इस भवन में एस्टीमेट के अनुसार सभी चीजें उपलब्ध है या नहीं। इसकी जानकारी प्राप्त की। आचार संहिता की खत्म होने के बाद इस भवन का विधिवत उद्घाटन किया जायेगा।

ट्रैफिक जाम

बिना परमिट और लाइसेंस के सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहें हैं ऑटो

ज्यादा ऑटो होने के कारण शहर में हर जगह जाम की समस्या

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर में ऑटो चालकों की मनमानी के कारण आये दिन जगह-जगह सड़कें जाम हो रही हैं। इस कारण यात्रियों के साथ-साथ आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। पलामू में परमिट वाले ऑटो से ज्यादा बगैर परमिट वाले ऑटो चलते हैं। जबकि झारखंड हाईकोर्ट का सख्त आदेश है कि शहर हो या गांव परमिट वाले ऑटो को ही चलने दिया जाए। इसके बावजूद मेदिनीनगर शहर में धड़ल्ले से बगैर परमिट वाले ऑटो दौड़ रहे हैं। वहीं पुलिस-प्रशासन ने भी इसे लेकर अपनी आंखे बंद कर रखी है। उनके द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर में लगभग ऑटो का परमिट और ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। सख्त कार्यवाई नहीं होने के कारण बिना लाइसेंस और परमिट के ऑटो सड़क पर सरपट घूम रहे हैं, जिस कारण शहर में ऑटो की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। जरूरत से ज्यादा ऑटो होने के कारण शहर में हर जगह जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा यात्री भी रास्ते में ही ऑटो को हाथ दिखा कर रोक देते हैं।

शहर में कई ऑटो का परमिट और ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नही है।

ऑटो चालकों का कहना है

वही, दूसरी ओर ऑटो चालकों का कहना है कि उनके लिए स्टैंड तो बना हैं, लेकिन वहां लोकल पैसेंजर नहीं मिलते हैं। ऐसे में उन्हें यात्री बैठाने के लिए मजबूरन जहां-तहां ऑटो रोकना पड़ता है। बताते चलें कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में ऑटोरिक्शा चालकों की मनमानी बाधा बन गयी है। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा इन ऑटो चालकों पर सही तरीके से कार्रवाई नहीं की जा रही है । अपनी मर्जी के मुताबिक ऑटो चालक कहीं भी पैसेंजर को बैठाने के लिए ऑटो रोक देते हैं. ऐसा लगता है कि इन मामलों में ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन ने अपनी आंखे बंद कर रखी है। छह मुहान पर एक पुलिस कर्मी ने बताया कि ऑटो चालकों की मनमानी पर प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है और ना ही कोई सख्त कानून बना है. जिसकी वजह से मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस और पुलिसकर्मी भी कुछ नहीं कर पाते हैं। ऑटो चालकों को रूट पास और परमिट निर्धारित किया गया है फिर भी कुछ ऑटो चालक अवैध रूप से ऑटो चला रहे हैं।

क्या कहते हैं ट्रैफिक प्रभारी

इस संबंध में पूछे जाने पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया की बिना परमिट वाले ऑटो के लिए समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है , फिर भी अगर ऐसे ऑटो चल रही है तो निश्चित रूप से कार्रवाई करेंगे।

आज भी जमा होगा बिजली का बिल

मोहम्मदगंज। रविवार को सरकारी अवकाश होने के बाद भी बिजली विभाग जपला का बिल भुगतान कैश काउंटर पर अन्य दिनों की तरह बिजली बिल जमा किया जाएगा। बता दें कि रविवार को अवकाश रहने के बाद भी बिजली उपभोक्ता अपने बकाए बिजली बिल का भुगतान कर सकेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अधिक से अधिक राजस्व संग्रह के उद्देश्य व उपभोक्ताओं के सुविधा को लेकर यह आदेश निर्गत किया गया है। साथ ही मोहम्मदगंज में प्रत्येक माह के 28 तारीख को लगने वाला कैंप भी रविवार को लगेगा, जिसमें उपभोक्ता अपना बकाया जमा कर सकते है। वही जिनका बिजली का कनेक्शन काट दिया गया है वो भी अपना बकाया बिल का भुगतान कर आरसीडीसी रसीद करवा लाइन चालू करा सकते हैं।

एक नजर

डायवर्सन रोड धंसने से हाइवा पलटा

मेराल। निमार्णाधीन एनएच 75 सड़क पर हाई स्कूल एवं बस स्टैंड के बीच कर्बला रोड के समीप शनिवार को सुबह डायवर्सन रोड धसने से हाईवा पलट गया। जानकारी के अनुसार मेराल में फ्लाईओवर निर्माण का कार्य एमजी कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है। लेकिन सड़क के किनारे दोनों तरफ अतिक्रमण मुक्त नहीं होने के कारण आए दिन मेराल में जाम की स्थिति बनी रहती है। घटना के संबंध में ट्रक चालक मिथुन चक्रवर्ती ने बताया कि सड़क में भरावट मिट्टी के कारण राखड़ से लोड हाईवा गाड़ी का पिछला चका धस गया। जिससे अनियंत्रित होकर गाड़ी पलट गई। गाड़ी पलटने के बावजूद चालक बाल-बाल बच गया। चालक ने बताया कि राखड़ को लेकर डाल्टनगंज जा रहे थे।

बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त, एक घायल

मेराल । मेराल थाना क्षेत्र के गेरुआ गांव निवासी हरशु चौधरी का पुत्र देव प्रकाश चौधरी एवं कुलदीप चौधरी का पुत्र अंशु कुमार चौधरी मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद देव प्रकाश चौधरी को गंभीर स्थिति को देखते हुए चकिसकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि देव प्रकाश चौधरी एवं उसके गांव के अंशु कुमार चौधरी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से सुंडीपुर शादी समारोह में वीडियोग्राफी करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान मझिआंव थाना क्षेत्र के मोखापी गांव के पास मोटरसाइकिल नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे घायल अवस्था में उठाकर सदर अस्पताल भेज दिया गया।

गढ़वा के चिनिया में महिला कुएं में गिरी चल रहा इलाज

गढ़वा । चिनिया थाना क्षेत्र के खोरी गांव निवासी प्रमोद भुइयां की पत्नी रिंकी देवी कुआं में गिरने से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रिंकी देवी कुएं पर पानी भरने गई हुई थी। इसी दौरान कुएं पर रखा हुआ लकड़ी टूट गया। इससे कुएं में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों ने उसे कुएं से निकाल कर गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

प्रेक्षक ने गढ़वा जिले के बूथों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

डिस्पैच सेंटर एवं माइक्रो ऑब्जर्वर प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक, रेम्या मोहन मुददत्त (भाप्रसे) ने गढ़वा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर एएमएफ सुविधाओं का लिया जायजा। क्षेत्र के मतदाताओं से मिल मतदान करने हेतु किया प्रेरित, वहीं डिस्पैच सेंटर एवं माइक्रो ऑब्जर्वर प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी किया निरीक्षण। लोकसभा आम चुनाव 2024 के मौके पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य के निमित भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से सामान्य प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति 13-पलामू (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु की गयी है। इसी क्रम में आज सामान्य प्रेक्षक, रेम्या मोहन मुददत्त

(भा०प्र०से०) द्वारा गढ़वा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों यथा गढ़वा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय दरमी नावाडीह, पतसा, प्रतापपुर, उड़सुगी समेत अन्य मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। मतदान के दिन आने वाले मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसे लेकर मतदान केन्द्रों में निरीक्षण के दौरान उन्होंने ए०एम०एफ० सुविधाओं का आंकलन किया। जिसमें मुख्य रूप से पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप आदि की समुचित व्यवस्था को देखा। मतदान केंद्रों पर उक्त सभी व्यवस्था संतोषजनक पाया गया। वहीं मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से 13 मई को पलामू लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का अपील किया एवं अपना मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ हीं अन्य मतदाताओं को भी निर्भीक होकर नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। वहीं आरके प्लस टू गोविंद हाई स्कूल गढ़वा में माइक्रो आब्जर्वर को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी सामान्य प्रेक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे, प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा कुमार नरेंद्र नारायण समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

देसी कट्टे और दो कारतूस बरामद अज्ञात पर केस दर्ज

भवनाथपुर । भवनाथपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर बीती रात्रि थाना क्षेत्र के धनी मंडरा स्कूल के समीप एक खलिहान में भूसा में छुपाकर रखा गया। एक, तीन, पंद्रह का देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद कर अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज किया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की बीती रात गुप्त सूचना मिली थी की धनी मंडरा में स्कूल के पास खलिहान में हथियार छुपा कर रखने की सूचना थी। सूचना के आलोक में किए गए छापेमारी में हथियार बरामद कर लिया गया है प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। बताते चले की पुलिस के द्वारा अबतक पांच अवैध हाथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

न्यूज बॉक्स

आचार संहिता अनुपालन को लेकर बीडीओ व थाना प्रभारी ने चलाया वाहन जांच अभियान

मेराल। एनएच 75 पर थाना गेट के सामने बीडीओ जागो महतो थाना प्रभारी विष्णु कांत ने आदर्श आचार संहिता अनुपालन को लेकर चार पहिया वाहन का जांच किया। इस संबंध में बीडीओ जागो महतो ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता अनुपालन को लेकर चार पहिया वाहन का लगातार जांच किया जा रहा है उन्होंने बताया कि यह जांच प्रक्रिया तीन शिफ्ट में 24 घंटे की जा रही है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेराल प्रखंड एवं चिनिया प्रखंड को एक जोन में रखा गया है। जिसमें दो टीमें लगातार जांच अभियान चला कर जांच कर रही है।

दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल, सीएचसी में भर्ती

भवनाथपुर । भवनाथपुर के अमरोरा बेत्रि मोड़ के समीप बीती रात्रि दो बाईक के आमने सामने के टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें घायलावस्था में सावजनो के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया ।जहां चिकित्सक शेलेन्दर कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।घटना के बारे में बताया जाता है की बीती रात्रि अमरोरा गांव निवासी सूरज सिंह पिता राजा राम सिंह खारोंधी की तरफ से अपने बाईक से घर आ रहा था और विपरीत दिसा से अमरोरा गांव निवासी ही अभीसेख राम पिता इंदेस राम अपनी बाईक से जा रहा था की दोनो की आमने सामने से टकर हो जाने से दोनो बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए ।

बीएलओ घर-घर जाकर बांटेंगे मतदाता पर्ची : बीडीओ

केतार। लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू में 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने शनीवार को बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ प्रखंड कार्यालय में बैठक की। बीडीओ ने कहा की 85 प्लस के वरिष्ठ नागरिक और 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को मतदान कि तिथि से पांच दिन पुर्व होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। बीएलओ और पर्यवेक्षक इन मतदाताओं को चिन्हित करें। बीडीओ ने कहा की जिन मतदाता का वोटर लिस्ट में नाम है और मतदाता पहचान पत्र नहीं है, वो ड्राइवरी लाइसेंस और आधार कार्ड ले जाकर वोट कर सकते हैं। वहीं बीडीओ ने सभी बीएलओ को 27 अप्रैल से 6 मई तक घर- घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण करने का निर्देश दिया है। साथ ही महिला - पुरूष और युवा मतदाताओं को निर्भीक होकर 13 मई को अपने मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बीपीआरओ सुरेश कुमार, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, राजीव कुमार, बीएलओ रानी देवी, संगीता देवी, निर्मला देवी, गीता देवी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

महिला ने बैंक के 6000 वापस कर दिया ईमानदारी का परिचय

रमना । भारतीय स्टेट बैंक के कैशियर द्वारा गर्मी और शादी के मौसम का भीड़ में भूलवश लेनदेन के अभाव में बंद खाते के धारक निर्मला देवी को छह हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया। इस बात का पता कैशियार को तब चला जब बैंक बंद कर पूरे दिन के लेखा-जोखा कर रहे थे, जिसमें कुल बचत राशि में छह हजार रुपए कम होने लगे, फिर सभी जमा पर्ची और निकासी पर्ची को मिलाया गया तो इस गड़बड़ी का पता चला की निर्मला देवी बंद खाता धारक को छह हजार का निकासी कार दिया गया हैं। खाता धारक का पूरा पता लेकर कैशियर और एटीएम गार्ड लोगों से खाता धारक निर्मला देवी का घर का पता पूछ कर शाम को प्रदीप कुमार के सहायता से उक्त ग्राहक के घर पहुंचे और पैसे के बारे में ग्राहक को बताया। निर्मला देवी भी इस बात को स्वीकारी की हां हम बैंक से अपना जमा रकम निकाल कर आये हैं। कैशियर द्वारा खाता बंद होने की बात बतायी गयी और बोले की आपके खाते से पैसे की निकासी नहीं हो पायी है। आप फार्म भर कर बैंक में जमा कीजिएगा और अपने खाते से पैसा निकासी कर लीजियेगा। उक्त महिला नें कुल रकम कैशियार को लौटा दिया और मानवता का परिचय दिया। कैशियर नें महिला की विनम्रता और सत्यता के लिए धन्यवाद दिया।

अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

केतार। केतार थाना क्षेत्र के कोसडिहरा गांव में शनिवार को पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार तिग्गा के नेतृत्व में पुलिस ने पोक्सो एक्ट के अभियुक्त मनोज पासवान के घर जाकर इश्तेहार चिपकाया है। रौशन कुमार तिग्गा ने बताया की अभियुक्त मनोज पासवान के विरुद्ध केतार थाना में 2023 में पोक्सो एक्ट का प्राथमिकी दर्ज है। अभियुक्त के गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है लेकिन अभियुक्त घर से फरार है। उन्होंने कहा की अभियुक्त कोर्ट में जल्द आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो न्यायालय के आदेश पर एक माह के के भीतर अभियुक्त के घर कुर्की जब्ती की जायेगी। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा, एसआई कन्हैया बैठा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

बोलेरो अनियंत्रित होकर होटल में घुसा, तीन घायल

श्री बंशीधर नगर । बंशीधर नगर भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर जंगीपुर ग्राम के समीप शादी समारोह से लौट रहे बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे झोपड़ी बने होटल में जा घुसा। जिससे बोलेरो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शुक्रवार की देर रात का बताया जाता है। घायल सभी को स्थानीय लोगो ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल भर्ती कराया जहा चिकित्सक ने घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताया। घटना में घायल सभी डंडई थाना क्षेत्र के लवाही गांव निवासी अवधेश पासवान के 17 वर्षीय पुत्र अखिलेश पासवान, सुरेंद्र गुप्ता के 16 वर्षीय पुत्र अनूप कुमार गुप्ता, तथा नदलाल कुमार गुप्ता का नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि ब्लोरों में सवार सभी लोग डंडई थाना क्षेत्र के लवाही गांव से बारात भवनाथपुर गया था। शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। जंगीपुर गांव में बलोरो वाहन का टायर फट गया जिसके बाद बलोरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पुलिया से टकराते हुए जंगीपुर गांव निवासी बिगन उराव के झोपड़ी नुमा होटल में घुस गया। हालाकि घटना के दौरान उक्त होटल में कोई नहीं था। एक अन्य सड़क घटना भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर ही घटा जिसमे भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरंगी गांव निवासी नंदलाल बैठा का पुत्र जीतू कुमार घायल हो गया।

बाग में आग लगने से दर्जनों आम के पौधे और कई इमारती पौधे जलकर हुए नष्ट

महमूद अंसारी ने आम के बाग की खुद सेवा कर पौधों को बचाया था

नवीन मेल संवाददाता

चिनिया । चिनिया प्रखंड मुख्यालय निवासी किसान महमूद अंसारी के द्वारा आम बागवानी में लगाया गया दर्जनो आम का पौधा साहित्य कई इमारतें पौधे जलकर नष्ट हो गया है। बताया जाता है कि चिनिया निवासी चलितर पासवान ने शुक्रवार की सुबह अपने खेत मे लगे झाड़ी को साफ करने के लिए आग लगाया था। धीरे-धीरे आग फैलते हुए लगभग 1500 फीट दूरी पर अवस्थित महमूद अंसारी के लगे आम बगवानी तक आग पहुंचने से लगे आम का पंद्रह पौधा गमहार एवं अन्य पौधा के साथ चारों ओर से किया गया घोरान भी जलकर राख हो गया। बताते चलें कि महमूद अंसारी पांच साल से हम बागवानी में खुद से

सेवा कर पौधों को बचाया था। पौधा जैसे ही फल देने को तैयार हुआ ही था कि किसी एक व्यक्ति की लापरवाही ने कई आम के हरे-भरे पौधे सहित कई इमरती पौधे को भी जलकर रख कर दिया। वहीं, इसकी सूचना मिलने पर महेंद्र यादव सरताज अंसारी अन्य ग्रामीण के सहयोग लगभग 1.00 बजे दिन में किसी तरह आग को बुझाया गया। नही तो और सैकड़ों आम का पौधा जलकर राख हो जाता। जबकि इस लगाए गए आज से किसान महमूद अंसारी का काफी नुकसान हुआ है। जिससे वे काफी आहत हैं। वही महम्मूद अंसारी ने लगाया गया आग से हुई छती का अंचल से छती क्षतिपूर्ति की मांग करने की बात कही है ।

नाली निर्माण कार्य में अनियमितता, ग्रामीणों की शिकायत पर जिप सदस्य ने की जांच

नवीन मेल संवाददाता

केतार। केतार - कांडी कोल रोड मुख्य सड़क पर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद् से 25 करोड़ रुपए की लागत से मरम्मती कार्य किया जा रहा है। इसमें आवश्यकता अनुसार सड़क किनारे नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मुकुन्दपुर गांव में ग्रामीणों ने नाली निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद से किया। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने उक्त कार्य का निरीक्षण किया। जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद ने कहा की नाली निर्माण कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है। संवेदक द्वारा जैसे तैसे कार्य कर खानापूर्ति किया जा रहा है। नाली निर्माण में चार इंच पीसीसी करना है।परंतु एक इंच पीसीसी की ढ़लाई कर उस पर छड़ बिछा दिया गया। इसमें प्रयुक्त सीमेंट, बालू एवं छड़ी भी घटिया किस्म का है।जिप सदस्य ने बताया की चार दिन पुर्व

इसकी शिकायत कनिय अभियंता निलय सिंह से किया था। लेकिन सख्त हिदायत के बाद भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता का कोई ध्यान नही रखा जा रहा है। जिला परिषद ने कहा की उपायुक्त सड़क और नाली निर्माण में अनियमितता की शिकायत करूंगा। इधर पीडब्ल्यूडी के जेई निलय सिंह ने से पूछे जाने पर बताया कि अभी मरम्मती कार्य बंद कर दिया गया है।शुरू होने पर गुणवत्तापूर्ण सड़क मरम्मती कार्य और नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा।

चिनिया रोड अकेलवा आम के पास कड़ाके की धूप को देखते हुए पनशाला का उद्घाटन

गढ़वा । वैश्य समाज गढ़वा के द्वारा समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप के आवास चिनिया रोड अकेलवा आम के पास कड़ाके की धूप को देखते हुए पनशाला का उद्घाटन रघुवीर कश्यप, रबींदर जायसवाल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुवे कसौधन समाज के द्वारा शहर में 4, 5 जगहों पर पनसाला खोलने का कार्य किया जाएगा। समाज के द्वारा पूर्व में भी अनेकों सामाजिक कार्य किया गया है आगे भी जरूरतमंदों को लाभ पहुँचाया जाएगा। मुख्य रूप से राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमित कश्यप, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष रविंदर जायसवाल, समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, संगरक्षक रघुवीर कश्यप, सचिव संतोष कश्यप, मनीष कश्यप, अभिषेक कश्यप, मुन्ना कश्यप, संतोष कश्यप, (जरही)सतेंद्र गुप्ता, आकाश केसरी अन्य लोग उपस्थित थे

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर । स्थानीय मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका संचालन कर रहे हैं प्राचार्य कमलेश कुमार, (एनएसएस) पदाधिकारी प्रोफेसर महमूद आलम ने छात्राओं को मतदान की विशेषता बताते हुए जागरूकता पर जोर दिया। सभी मतदाता छात्राओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्रियंका कुमारी व पूजा कुमारी द्वितीय स्थान रूपा कुमारी व पुष्पा कुमारी तृतीय स्थान चंचल कुमारी व प्रियांशु कुमारी को चयनित किया गया। मौके पर प्रोफेसर मीरा कुमारी, प्रोफेसर माधुरी कुमारी, प्रोफेसर बबीता कुमारी, प्रोफेसर सविता कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सरस्वती विद्या मंदिर में बाल संसद चुनाव का कार्यक्रम

श्री बंशीधरनगर।स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में बाल संसद चुनाव का शुभारंभ भारत माता, ॐ, मां शारदे के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन कर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक और अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बाल संसद चुनाव का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रांतीय योजना अनुसार यह चुनाव होता है। इससे भैया-बहनों में लोकतांत्रिक व्यवस्था, प्रतिस्पर्धा नेतृत्व, क्षमता एवं व्यवहार कुशलता की गुणों का विकास होता है। श्री पाठक ने कहा कि चार वर्गों के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव पदों पर चयनित होने के लिए कुल 119 प्रत्याशी भैया-बहन ने मैदान में उतरे। तीन दिन प्रथम कालांश में अनुशासन पूर्वक प्रचार-प्रसार प्रत्याशी द्वारा किया गया।

छात्र-छात्राओं को अफसरों ने बताया मतदान का महत्व

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। भवनाथपुर में 13 मई को लोकसभा चुनाव के लेकर बोकारो स्टील माइंस कॉलेज भवनाथपुर में छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कॉलेज प्राचार्य श्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 18 वर्ष पूरा कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई नए मतदाताओं से अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया। और अभिभावक अपना बहुमूल्य वोट देकर लोकसभा के इस महापर्व को सफल बनाएं उन्होंने यह कहा की आपका एक वोट से अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं इसलिए अपने एक वोट का महत्व को समझे और अपना मत अवश्य दें। प्रोफेसर डॉक्टर स्कंद कुमार भारती ने मतदाता शपथ दिलाते हुए कहा की भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है लोकसभा का महापर्व तभी सफल होगा जब लोग जागरूक होकर मतदान कर सही प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। जिससे हमारा देश उन्नति के शिखर की ओर आगे बढ़ सकेगा । प्रोफेसर श्री राम सिंह ने कॉलेज के विद्यार्थियों मतदान का महत्व बताते हुए बताया कि आप स्वयं मतदान करें एवं अन्य को भी मतदान करने के लिए जागरूक करें। इस मौके पर प्राचार्य श्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने कहा कि लोकसभा में मताधिकार सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। इस मौके पर शिक्षक वीरेंद्र विश्वकर्मा, अनेश सिंह, सुरेंद्र चंद्रवंशी, संगम कुमारी, शांति कुमारी, राजेश कुमार, अवधेश राम एवं छात्र-छात्रा पप्पू सिंह खरवार, अनूप यादव, जितेंद्र यादव, प्रभा कुमारी, नेहा कुमारी, रिशु कुमारी, दुर्गा कुमारी, नेहा कुमारी, नूरी कुमारी, सेतु कुमारी, आशा कुमारी, सुचन कुमारी, बसंती, इंदु कुमारी, किरण कुमारी, अंचला कुमारी, अंजली कुमारी, संजना कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रीति कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

जेएसएलपीएस के तीनों क्लस्टर के सभी कैडरों की हुई समीक्षा

सबसे पहले मतदान, उसके बाद जलपान करना है : डीपीएम

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर । जेएसएलपीएस के तहत ब्लाक मिशन मैनेजमेंट यूनिक प्रखंड मिशन प्रबंधन इकाई का तीनों क्लस्टर के सभी कैडरों का समीक्षा बैठक डीपीएम सुशील कुमार दास के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मतदाता जागरूकता के बारे में विस्तार पूर्वक लोगों को जानकारी दिये। सभी लोगों को वोट देना है यह बहुत महत्वपूर्ण है डीपीएम सुशील दास ने कहा कि सबसे पहले मतदान उसके बाद जलपान करना हैं उन्होंने उपस्थित जेएसएलपीएस के सभी कर्मियों को अपने संबंधित आसपास के लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने का जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य

को पाने की दिशा में तमाम तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है उन्होंने कहा कि मतदान के दिन अपने घर से निकले और अपना बहुमूल्य मत देकर लोकतंत्र के जड़ को मजबूत करें।उन्होंने कहा कि अबकी बार नब्बे पार कर देना है उन्होंने कहा मतदान के प्रति सभी लोगों को मिलकर जागरूक करने की जरूरत हैं। मौके पर डिम जुलियस तिर्की, बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी, एडमिन धर्मेंद्र कुमार, डीओ नीरज मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, एसआरपी वाजदा खातून, अनुज सिंह, जाबिर हुसैन, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, अभय कुमार, परी देवी, अस्तरुन निशा, नगमा बीबी, पिंकी देवी, सेतु दिदी, सभी जेंडर सीआरपी, बैंक सखी सहित सीएलएफ के अध्यक्ष व सचिव कोषाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में महिला स्वंय सहायता समूह दीदी लोग मौजूद थे।

एक नजर

अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

पत्थलगड़ा(चतरा)। पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सिंघानी पंचायत अंतर्गत बलथरवा से शनिवार को अवैध बालू लोड कर जा रहे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि परसोनिया नदी से अवैध बालू लोड़ कर बाहर ले जाया जा रहा है। सूचना का सत्यापन करते हुए छापेमारी टीम में शामिल एसआई अरविंद रविदास उपरोक्त ट्रैक्टर को बलथरवा के पास से जब्त किया। जबकी पुलिस को देख ट्रैक्टर छोड़ चालक मौके से फरार हो गया। वहीं ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाकर अग्रेसर कार्रवाई के लिए पत्थलगडा बीडीओ सह सीओ को आवेदन दिया गया है। ज्ञात हो कि अवैध बालू खनन के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

तालाब से एक व्यक्ति का शव बरामद

घाघरा। घाघरा पुलिस ने गुटवा गांव में गुटवा ग्राम निवासी बुजुर्ग शिवलाल पहान का शव तालाब रूपी जलजमाव स्थल से बरामद कर घाघरा थाना लाया। वही पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु शनिवार को दिन के 9:00 गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में मृतक की पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि उसके पति शिवलाल पहान विगत बुधवार को रात 8:00 बजे शौचालय करने की बात कह कर घर से निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता में कहा

मतदान सबका है अधिकार

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की संयुक्त अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत जिले मे अधिसूचना जारी होने के संदर्भ में समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार में पांचवे चरण में मतदान किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चतरा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। चतरा लोक सभा क्षेत्र में गजट अधिसूचना की तिथि दिनांक 26 अप्रैल और नामांकण की अंतिम तिथि 03 मई को है। स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन की तिथि 04 मई नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 06 मई

है। मतदान दिनांक 20 मई है। मतगणना की तिथि 04 मई निर्धारित की गयी है। जिले में आज से नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है। उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 03 मई तक का समय होगा। 03 मई तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़ कर) नाम निर्देशन किए जाएंगे। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि 26 अप्रैल तक लातेहार जिला अन्तर्गत दो विधान सभा क्षेत्र में कुल 565854 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 73 मनिका विधान सभा अन्तर्गत 259652 एवं 74 लातेहार विधान सभा अन्तर्गत 306202 है। जिसमें पुरुष 2,85,299 एवं महिला वोटरों की संख्या 2,80,555 एवं फर्स्ट टाइम वोटर्स 25263 मतदाताओं की संख्या है। जिले में कुल 679 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ हीं दिव्यांग व बुजूर्ग मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी। सभी मतदान केंद्रों पर गर्मी को देखते हुए पेयजल ओआरएक व अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी। मेडिकल प्लान बनाया जा रहा है। साथ ही मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, कर्मी को फॉर्म 12 के जरिए पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान कराया जायेगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान सभी नियमों का पालन हो एवं किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा इसपर ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा जिले में सुरक्षा व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी चुनाव शांति एवं सौहार्घ पूर्ण तरीके से सफलता पूर्वक संपन्न हो सके इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रेस वार्ता में उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन समेत अन्य पदाधिकारी , विभिन्न संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

क्षेत्र की जनसमस्याओं को दरकिनार कर देश के में हित मांगा जा रहा वोट

मयूरहंड(चतरा)। चतरा संसदीय क्षेत्र में ज्यादातर निवास करने वाले लोगों के जीविकोपार्जन का मुख्य संसाधन खेती है। परंतु आजादी के बाद अभी तक किसानों की समस्याओं का समाधान करने में सरकार व संसदीय क्षेत्र के जनप्रतिनिधि नाकाम साबित हुए हैं। आज भी अधिकांश क्षेत्र में किसानों को वर्षा आधारित खेती पर निर्भर रहना पड़ता है। जिसके कारण किसानों की आमदनी दिन प्रतिदिन गिरती जा रहा है और किसान कर्ज में डूबते जा रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध नहीं होने के कारण युवाओं में बेरोजगारी का अंबार लगा हुआ है। बावजूद किसानों एवं युवाओं के दर्द को कोई भी निवारण करने वाला नहीं है।

सीईआरसी की टीम ने एनटीपीसी परियोजना क्षेत्र का किया निरीक्षण

टंडवा (चतरा)। एनटीपीसी के टंडवा ईकाई में शनिवार को सीईआरसी (सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन) के चेयरमैन समेत पहुंचे छः सदस्यीय दल को सीजीएम स्वप्नेंदु कुमार पांडा ने विधिवत स्वागत किया। बताया गया कि सीईआरसी के चेयरमैन जिश्नु बरुआ के नेतृत्व में पहुंची टीम ने कार्य निर्माण यथा विद्युत संचालन, तीसरे यूनिट व कोल कन्वेयर के निर्माण में प्रगति व विभिन्न जटिलताओं का बारिकी से निरीक्षण किया। इसके पश्चात परियोजना अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक में नियामक अनुपालन, वित्तीय विवादहीनता और इसके कानूनी प्रभावों का विषय प्रमुखता से चर्चा के केंद्र में छाया रहा। ज्ञात हो कि 19 अप्रैल के दोपहर भेल कंपनी के यार्ड में लगी भीषण आग व इससे हुवे क्षति तथा ऐसे होने वाले घटनाओं पर भविष्य की चिंताओं ने केंद्रीय प्रबंधन तक को पूरी तरह से हिला कर रख दिया है।

बीडीओ ने की सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक

पत्थलगड़ा(चतरा)। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रभारी बीडीओ सह सीओ राहुल देव ने पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक की। बैठक में प्रखंड के सभी सेक्टर पुलिस व प्रशासनीक पदाधिकारी उपस्थित हुए। मौके पर बीडीओ ने उपस्थित पदाधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में सहभागिता को लेकर शपथ दिलाई। उन्होंने शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर विचार विमर्श करने के साथ संबंधित पदाधिकारियों को मतदान और मतदान से पूर्व उनके दायित्व व कर्तव्य से अवगत कराया। सभी मतदान केंद्रो में मतदाताओं और मतदान कर्मियों को दी जाने वाली सुविधाओं की भी जानकारी लेते हुए सुविधाओं को बहाल करने के निर्देश दिए। बैठक में एसआई अरविंद रविदास, विजय कुमार, मिशील सोरेन, बीपीओ राजेश्वर कुमार, पंचायत सेवक राकेश कुमार, असलम आलम, रोजगार सेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

यात्रियों से भरी बस संघरी घाटी में पलटी महिला समेत दो लोगों की मौत

चतरा/कुंदा। शनिवार को सदर थाना क्षेत्र के संघटी घाटी में चतरा से कुंदा लौट रही सुमन रथ नामक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें बस के खलासी हंटरगंज थाना क्षेत्र निवासी परशुराम सिंह व कुंदा थाना क्षेत्र के खुशयला गांव निवासी चिंतामन गंझू की 20 वर्षीय पत्नी रेखा कुमारी की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकी दर्जन भर यात्री गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को रेस्क्यू कर ईलाज के लिये 107 एम्बुलेंस समेत पुलिस की गाड़ी से सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकी दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों के चिख पुकार से अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेखा स्नातक की परीक्षा देकर रथ बस से वापस गांव लौट रही थी। इसी क्रम में संघरी घाटी में बस अनियंत्रित हो होकर पलट गई और उपरोक्त दो की जान चली गई। घायल अन्य यात्रियों का उपचार सदर अस्पताल चतरा में किया जा रहा है। दुसरी ओर इस दर्दनाक दुर्घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त रमेश घोलप व एसडीपीओ संदीप सुमन अस्पताल पहुंचकर घायलों के स्थिति का जायजा लेते हुए घयलों के समुचीत इलाज के साथ सुविधाओं को लेकर अवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को दिए।

संघरी घाटी में हादसे के शिकार लोगों से मिले डॉ अभिषेक, रांची रिम्स में कराई इलाज की व्यवस्था

चतरा। शनिवार को सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी में हुए बस दुर्घटना में घायल लोगों से मिलने सदर अस्पताल पहुंचे चतरा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह। घटना की सूचना मिलने पर सदर अस्पताल पहुंच कर इलाजरत घायलों से डॉक्टर सिंह ने मुलाकत कर स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लेने के साथ रेफर किए मरीजों के समुचित इलाज के लिए रांची रिम्स में कॉल करके बेहतर ईलाज की व्यवस्था करवाई। साथ ही जरुरत के अनुसार आगे भी सहयोग करने की बात कही।

घाघरा बीडीओ ने प्रखंड के कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

घाघरा । बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रखंड के कई मतदान केन्द्रों का शनिवार को दिन निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने महुगांव, इचा, बुरजू, हपामुनी, सांसों,सरजामा,कोटामाटी,लेहा,माइल, जमगाई, लफसर, रन्हे विद्यालयों में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। वहीं उपस्थित शिक्षकों से मूलभूत सुविधा पेयजल शौचालय बिजली फर्नीचर से संबंधित जानकारी ली। वही कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित कर्मी और शिक्षकों को दिया। उसके साथ ही मूलभूत सुविधाओं को बेहतर रखना का निर्देश भी दिया। ताकि मतदान कर्मियों और मतदाताओं को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाताओं और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदाता बूथ केंद्र में मिलने वाली सुविधा की जानकारी ली। इसके साथी मतदाताओं को मिलने वाली पर्ची वितरण से संबंधित भी जानकारी लिया।मौके पर कनीय अभियंता सतीश कुमार बंसल, शिक्षक विजय कुमार साहू, सहित कई लोग उपस्थित थे।

जल जीवन मिशन चढ़ा अनियमितता की भेंट

लोगों को नहीं मिला हर घर नल जल योजना का लाभ

नवीन मेल संवाददाता

बारियातु । प्रखंड क्षेत्र के डाढ़ा पंचायत के गोखलाबागी के अखरा टोला मे जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना भारी अनियमितता का भेट चढ गया. टोला वासियों ने आज भी एक पुराने कुएं का पानी पिने को मजबुर है। कुएं का दुषित पानी पिने से टोलावासी डायरिया व टायफाइड जैसे गंभीर बिमारी से ग्रस्त रहते हैं। इस संबंध में ग्रामीण बिफा उरांव, महेन्द्र उरांव, मुनेश्वर उरांव, महेश उरांव, विरबल उरांव। ,मुनी देवी, बसंती देवी, सधनी देवी, पनवा देवी व चन्द्रमनी. सहित कई लोगों ने बताया कि इस टोला मे अखरा के पास पिछले वर्ष ही जल जीवन मिशन के तहत बोरिंग किया गया था, बोरिंग मात्र साठ फिट ही किया गया था। हमलोग इसका विरोध करते हुए गहरा बोरिंग करने की बात किए। जिसके कारण काम रोक दिया गया। कुछ दिनो के बाद संवेदक द्वारा टंकी लगाया गया ।जिसका पुनः विरोध किया गया । ग्रामीणों का कहना है कि इस टोला मे लगभग 25 घरो के लिए एक जलमिनार लगाना है। बोरिंग मात्र साठ फिट किया गया। जो पर्याप्त नही है ,इससे सभी घरो को पानी नही मिल पाएगा, इसलिए हमलोगो ने बोरिंग को और गहरा करने को कहे जिसे नही माना गया इधर हमलोग पुराने कुएं का पानी पीने को मजबुर है,कुएं के दुषित पानी से अक्सर बिमार होते रहते है , इस संबंध में पुछे जाने पर मुखिया सुरेश उरांव व पंसस संतोष उरांव ने कहा कि हमलोग कई बार संवेदक व संबंधित जेई को फोन किए लेकिन बात नही कर रहे है। सभी टोलावासी ने भीषम गर्मी को देखते हुए प्रखण्ड प्रशासन व संबंधीत विभाग से इस योजना का क्रियान्वन हेतु आग्रह किया है।

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा
(डाक मतपत्र-सह-मतपत्र कोषांग, चतरा)

कार्यालय आदेश

आसन्न लोकसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा के पत्रांक-82/का0को0 दिनांक-25.04.2024 के आलोक में AVSC/AVPD (Home Voting), AVES (PVC) एवं VED (FC) हेतु मतदान सुविधा के लिए नियुक्त किये गये पदाधिकारियों/कर्मियों को प्रशिक्षण दी जानी है। इसके निमित Category के अनुसार Team wise आप सभी दिनांक-29.04.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में डी0एम0एफ0टी0 प्रशिक्षण हॉल में ससमय प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

VED (Facilitation Centre)

TEAM-1

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री विजेन्द्र कुमार कुशवाहा	कार्यपालक अभियंता	भवन निर्माण निगम, चतरा	9308022777	
2	श्री विद्यानन्द मिश्रा	सहायक अध्यापक	बुनियादी विद्यालय, कान्हाचट्टी	8084387526	
3	मो0 अमिन अंसारी	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0 सिद्धू, कान्हाचट्टी	7764848186	
4	श्री रामचन्द्र विद्यार्थी	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0, लुटु तिलैया, चतरा	9090675246	
5	श्री दयानन्द सिंह	टी0जी0टी0	म0वि0 लावालौंग	6202332382	
6	श्री अरूण हेम्ब्रम	राजस्व उपनिरीक्षक	अंचल कार्यालय, सिमरिया	8709698192	

TEAM-2

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री अजय कुमार सिंह	कार्यपालक अभियंता	पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा	8789136206	
2	श्री सुनील कुमार सिंह	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0 पेलतौल खूर्द, कान्हाचट्टी	6202937751	
3	श्री मनिकांत कुमार	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0 बिशुनपुर, ईटखोरी	9470332790	
4	श्री जयप्रकाश कुमार	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0, मंगरहादा, चतरा	9835577081	
5	श्री सकलदेव कुमार सिंह	टी0जी0टी0	म0वि0 लावालौंग	6206675287	
6	श्री दीपक कुमार	राजस्व उपनिरीक्षक	अंचल कार्यालय, सिमरिया	7004164535	

TEAM-3

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री मोहन चन्द्र गुप्ता	कार्यपालक अभियंता	लघु सिंचाई प्रमण्डल, चतरा	8210684027	
2	श्री सत्येन्द्र तिवारी	सहायक अध्यापक	बुनियादी विद्यालय, कान्हाचट्टी	6201843128	
3	श्री देवानन्द प्रसाद	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0 पथरिया, ईटखोरी	9430723674	
4	श्री संजय कुमार सिंह	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0 नवादा, चतरा	9572403756	
5	श्री सेखु सलीम	टी0जी0टी0	म0वि0 लावालौंग	9334262996	
6	श्री दिनेश कुमार चौधरी	राजस्व उपनिरीक्षक	अंचल कार्यालय, हण्टरगंज	7061884095	

TEAM-4

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री सुरेश राम	कार्यपालक अभियंता	ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा	8709184201	
2	मो0 शाहबुद्दीन	सहायक अध्यापक	उ0म0केन्दु उर्दू, सिमरिया	9608354585	
3	मो0 अमजद अंसारी	सहायक शिक्षक	उ0उ0वि0 मंझगांवतारी, गिद्धौरी	8709635950	
4	श्री राजकुमार सिंह	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0 नवादा चतरा	9661129356	
5	श्री ज्ञानेश्वर पाठक	सहायक शिक्षक	प्रा0वि0कुरूमडारी, सिमरिया	8294265255	
6	श्री सर्वेश कुमार सिंह	राजस्व उपनिरीक्षक	अंचल कार्यालय, टण्डवा	7667926387	

TEAM-5

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	डॉ जमालउद्दीन	अवर प्रमण्डलीय पशुपालन पदाधिकारी, चतरा	जिला पशुपालन कार्यालय, चतरा	9939309521	
2	मो0 अली अमजद	सहायक अध्यापक	उ0म0उर्दू सिमरिया, खूर्द सिमरिया	7277516222	
3	श्री भोला साहु	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0 परामातू, लावालौंग	9693712735	
4	श्री कौशल कुमार दांगी	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0 पकरिया, चतरा	9470117080	
5	श्री मो0 इस्तेहामुल हक	सहायक शिक्षक	एम0एस0बी0एम0सी0, उर्दू, चतरा	9931133095	
6	श्री इन्द्र कुमार	राजस्व उपनिरीक्षक	अंचल कार्यालय, टण्डवा	9199540338	

TEAM-6

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री धर्मा उरांव	वैज्ञानिक	कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा	9162184472	
2	श्री भीम महतो	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0 डालकोमा, हण्टरगंज	9162383480	
3	श्री कमलेष दास	सहायक षिक्षक	उ0म0वि0 चोरट, कान्हाचट्टी	6204917296	
4	श्री रोहन यादव	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0 रमटुण्डा, चतरा।	9973821455	
5	श्री सुधीर कुमार पाठक	सहायक षिक्षक	उ0म0वि0 जरही, सिमरिया	7979721037	
6	श्री षिवकुमार मण्डल	राजस्व उपनिरीक्षक	अंचल कार्यालय, टण्डवा	9546567815	

TEAM-7

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री सोमर मांझी	सहायक अभियंता	भवन प्रमण्डल चतरा	8789129820	
2	श्री रामउदय पाण्डेय	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0 कंगरूवा, हण्टरगंज	8825113384	
3	श्री विश्वनाथ कुमार गुप्ता	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0 देल्हो, सिमरिया	9430793905	
4	श्री सुरेश यादव	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0 गंझुटोला, रमना, चतरा।	9334310732	
5	श्री सुरेश प्रसाद ठाकुर	सहायक शिक्षक	म0वि0 गंधरिया, चतरा	7070296518	
6	श्री अशोक कुमार	राजस्व उपनिरीक्षक	अंचल कार्यालय, कान्हाचट्टी	9470963191	

TEAM-8

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री ओम प्रकाश गुप्ता	सहायक अभियंता,	ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चतरा	8084225903	
2	श्री शंकर प्रजापति	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0 बारीशर्म, चतरा	6205374671	
3	श्री बालदेव कुमार	सहायक शिक्षक	म0वि0, कुन्दा	9852267094	
4	श्री प्रवीण कुमार	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0 सेल, चतरा।	9576185891	
5	श्री अरविन्द कुमार	सहायक शिक्षक	म0वि0 गुदरी बाजार, चतरा	9905128706	
6	श्री नारायण राम	राजस्व उपनिरीक्षक	अंचल कार्यालय, प्रतापपुर	6203122332	

TEAM-9

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री विनोद कुमार पाण्डेय	वैज्ञानिक	कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा	7985437970	
2	श्री अजय कुमार	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0, चेरूआकचा, चतरा	9570664330	
3	मो0 अली मंजर	सहायक शिक्षक	प्रा0वि0 उर्दू, सिन्दुआरी, चतरा	9142822174	
4	श्री अनिल कुमार पाठक	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0 जमुनियातरी, पाबो, चतरा।	8340155156	
5	श्री अशोक कुमार यादव	सहायक शिक्षक	उ0बा0म0वि0,अरसेल, सिमरिया	8084388020	
6	श्री गुरूदेव कुमार सिंह	राजस्व उपनिरीक्षक	अंचल कार्यालय, हण्टरगंज	7209603046	

AVES (PVC), TEAM-1

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्रीमती अनिता	बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, चतरा ग्रामीण चतरा।	बाल विकास परियोजना कार्यालय, चतरा ग्रामीण, चतरा	9955358449	
2	श्री मनोज कुमार गुप्ता	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0, डाढ़ा	9504178911	
3	श्री दिपेन्द्र दांगी	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0 डोडागडा, कान्हाचट्टी	9693187340	
4	श्री कुमुद कुमार सिंह	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, अकाषी हरिजनटोला, चतरा	6205921665	
5	मो0 मुर्शीद आलम	सहायक शिक्षक	उ0पी0जी0एम0एस0, अतमपुर, लावालौंग	9472716275	
6	श्री पंकज कुमार दूबे	राजस्व उपनिरीक्षक	अंचल कार्यालय, चतरा	7903031750	

TEAM-2

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्रीमती रीना साहु	बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमरिया।	बाल विकास परियोजना कार्यालय, सिमरिया	8789788958	
2	श्री मनोज कुमार	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, भुथहाटोली, टुड़ाग	7667859466	
3	श्री राजेश कुमार रवि	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0रोशना, कान्हाचट्टी	7739907017	
4	श्री अविनाश कुमार	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, जंगेरी, चतरा	9470321311	
5	श्री एन्टोनी नाग	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0, टिकदा, लावालौंग	9934885332	
6	श्री राजकुमार	राजस्व उपनिरीक्षक	अंचल कार्यालय, चतरा	8804028302	

AVSC/AVPD (HOME VOTING) 26 -SIMARIA

TEAM-1

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री मनीश वर्मा	Officer	केनरा बैंक, चतरा	8077356506	
2	मो0 ओबेदुल्लाह	सहायक शिक्षक	म0वि0 कैंडीनगर,कान्हाचट्टी	9931518526	
3	श्री जितेन्द्र कुमार	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0 नावाडीह, चतरा	9955738574	

TEAM-2

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री विवेक कुमार	DY. Manager	पंजाब नेशनल बैंक, चतरा	9572944451	
2	श्री फुलेश्वर सिंह	सहायक शिक्षक	म0वि0 तुलबुल, कान्हाचट्टी	9546825768	
3	श्री संजय कुजूर	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0 पकरिया, चतरा	7903185824	

TEAM-3

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री निरज कुमार सिन्हा	DY. Manager	पंजाब नेषनल बैंक, चतरा	9835190491	
2	श्री महेश राम	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0, गडिया, बैंगोकला, कान्हाचट्टी	9709067874	
3	श्री अमित कुमार सोनी	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0 पाराडीह, चतरा	9102245671	

TEAM-4

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री प्रशांत होरो	DY. Manager	भारतीय स्टेट बैंक, चतरा	9630404543	
2	श्री तुलेश्वर राम	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0, यशपुर, कान्हाचट्टी	6200192726	
3	श्री सहदेव महतो	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, गंझुटोला, रमना, चतरा।	6200094968	

TEAM-5

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री अनुग्रह प्रमोद टोप्पो	Assistant Manager	भारतीय स्टेट बैंक, चतरा	9523366888	
2	श्री जगदीश चन्द्र महतो	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0 बानासाम, कुन्दा	8252617223	
3	श्री संतोश कुमार वर्मा	सहायक अध्यापक	उ0म0वि0 संघरी, चतरा	7858037409	

TEAM-6

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री अमित कुमार	Officer	बैंक ऑफ इण्डिया, जोरी	7742209361	
2	श्री सुशील लाकडा	सहायक शिक्षक	म0वि0 लोवागडा, चतरा	8789821405	
3	श्री सतेन्द्र कुमार	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, घुरनाडीह, रमना, चतरा।	7004368657	

TEAM-7

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री अजय कुमार रॉय	Assistant Manager	भारतीय स्टेट बैंक, चतरा	8340962920	
2	मो0 नजमुत तरीकी	सहायक शिक्षक	उ0उ0वि0 आरा, चतरा।	8285954136	
3	श्री राजदेव ठाकुर	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, फसियारीटांड़, हण्टरगंज	6202414596	

TEAM-8

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री आकाश कुमार सिन्हा	Officer	बैंक ऑफ इण्डिया, प्रतापपुर	8658141810	
2	श्री सुनील कुमार झा	सहायक शिक्षक	उ0म0वि0 हसबो, चतरा।	6205639514	
3	श्री रंजीत दास	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, फसियारीटांड़, हण्टरगंज	9262340324	

TEAM-9

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री अनिल भगत	Assistant Manager	भारतीय स्टेट बैंक, चतरा	7762946856	
2	श्री मुकेश राणा	सहायक शिक्षक	रामनगर उ0 वि0, कान्हाचट्टी	6200454932	
3	श्री अनिल यादव	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, चन्ही, चतरा	9123163960	

AVSC/AVPD (HOME VOTING) 27 -CHATRA

TEAM-1

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	शेख मो0 रईस	Manager mining	सी0सी0एल पूर्णाडीह प्रोजेक्ट, टण्डवा	9534461751	
2	श्री मनोज कुमार चौबे	सहायक शिक्षक	उ0उ0वि0, द्वारी, गिद्धौर	9430193092	
3	श्री सुखदेव सिंह भोक्ता	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, जेहरा, पत्थलगड्डा	9504954035	

TEAM-2

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री नवनीत	Assistant Manager	सी0सी0एल पूर्णाडीह प्रोजेक्ट, टण्डवा	7070189705	
2	श्री बैजनाथ प्रसाद	सहायक शिक्षक	म0वि0, लावालौंग	9931513481	
3	श्री नन्दकिशोर राम	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, जेहरा, पत्थलगड्डा	6299156178	

TEAM-3

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री रजत रॉय	Deputy GM	एन0टी0पी0सी0, नॉर्थ कर्णपुरा	9650995337	
2	श्री जदुनन्दन कुमार	सहायक शिक्षक	जनता उच्च विद्यालय, पत्थलगड्डा	9955345688	
3	श्री रामचन्दर ठाकुर	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, काषीबार नावाडीह पत्थलगड्डा	7667289376	

TEAM-4

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री राजीव त्रिपाठी	AGM	एन0टी0पी0सी0, नॉर्थ कर्णपुरा	7522002825	
2	श्री जयपाल भगत	सहायक षिक्षक	उ0उ0वि0, चाडरम, सिमरिया	7488202030	
3	श्री अशोक कुमार	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, काशीबार नावाडीह पत्थलगड्डा	7079837878	

TEAM-5

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री बिकास दूबे	AGM	एन0टी0पी0सी0, नॉर्थ कर्णपुरा	9425304752	
2	श्री सुरेश दत्त मिश्रा	सहायक शिक्षक	उ0उ0वि0, चाडरम, सिमरिया	6203981402	
3	श्री गोपाल दांगी	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, पाण्डेतरी पत्थलगड्डा	9204776330	

TEAM-6

क्र.	पदा0/कर्मी0 का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नम्बर	अभ्युक्ति
1	श्री शसांक कुमार	Assistant Manager	सी0सी0एल पूर्णाडीह प्रोजेक्ट, टण्डवा	9065228373	
2	श्री अनिल कुमार सिन्हा	सहायक शिक्षक	उ0उ0वि0, ईचाक खुर्द, सिमरिया	6206084593	
3	श्री गोपाल रजक	सहायक अध्यापक	उ0प्रा0वि0, पिपलटोला पत्थलगड्डा	9471568810	

नोडल पदाधिकारी,
डाक मतपत्र-सह-मतपत्र कोषांग, चतरा

PR 324137Election(24-25)#D

एक नजर

भाजपा की चुनावी सभा आज, बाबूलाल मरांडी आएंगे लोहरदगा

भंडरा । लोकसभा चुनाव में भाजपा के लोहरदगा प्रत्यशी समीर उरांव को भारी मतों से जीत दिलाने के लिए भंडरा ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर में रविवार दिनांक 28 अप्रैल को समय तीन बजे भाजपा द्वारा चुनावी जन सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भाग लेंगे। जिसमें हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। इसकी जानकारी भंडरा प्रखंड के भाजपा जनसभा प्रभारी ईश्वरी मोहन शर्मा ने दी। इस दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी चुनावी सभा में संबोधन करेंगे।

होम वोटिंग और वोटर फैसिलिटेशन सेंटर को लेकर मिला प्रशिक्षण

लोहरदगा। अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा की अध्यक्षता में शनिवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत होनेवाले होम वोटिंग और वोटर फैसिलिटेशन सेंटर के सभी नोडल पदाधिकारी और पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी प्रखण्डों की ओर से प्राप्त होम वोटिंग की संख्या, और होम वोटिंग के लिए प्रशिक्षण व तैयारी पर चर्चा की गई। मतदाताओं के लिए दी जानेवाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में वरीय पदाधिकारी इडीसी/पोस्टल बैलेट कोषांग-सह-आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की हुई बैठक

लोहरदगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम व्यवस्था को सफलता पूर्वक पूरे लोकसभा में कार्यान्वयन के लिए चुनावी कार्यालय में भाजपा की बैठक जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहु की अध्यक्षता में आयोजित हुई । जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी मनोज सिंह, जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा विधानसभा संयोजक-सह सयोजक कोर कमिटी के सदस्य, जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष उपस्थित हुए। बैठक में प्रचार सामग्री, प्रचार अभियान, सोशल मीडिया अभियान, मीडिया प्रबंधन, वीडियो वैन, लाभार्थी संपर्क, युवा संपर्क प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया,मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दुहराया गया।

तेज रफ्तार कार ने महिला को रौंदा, मौत

सीसीटीवी कैमरे में घटना हुई कैद, नशे में धुत था कार चालक

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा । शहरी क्षेत्र के कचहरी चौक के समीप पूजा के लिए फूल तोड़ने निकली बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार कार ने रौंद डाला. जिसमे बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। मृतक महिला की पहचान 70 वर्षीय नीरोबाला देवी के रूप में किया गया है। वो स्थानीय निवासी और व्यवसायी भारत साहू की सास है जो पिछले करीब 2 साल से अपनी बेटी दामाद के घर रह रही थी. उनका मूल निवास बुंडू है. मिली जानकारी के मुताबिक वह सुबह पूजा का फूल लेकर आ रही थी, जिस समय पतरा टोली की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बेकाबू कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त कार को छोड़कर भाग रहे कार सवार दो लोगों को स्थानीय लोगों ने दौड़कर जिला मुख्यालय के पास पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया. कार सवार एवं ड्राईवर की पहचान सेंबो रांची बलालौंग निवासी सुरेश गोप पिता स्व अर्जुन गोप एवं रोहित मुंडा पिता बुधु मुंडा के रूप में हुई है। जो शराब के नशे में धुत थे। इनके एक और अन्य साथी भी दुर्घटना में घायल हुए है जिसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये सभी रांची धुर्वा से लोहरदगा के मनहो बारात आए थे। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग जुट गए और अफसोस जाहिर की। लोगों ने कचहरी चौक पर नगर परिषद के ठेकेदार द्वारा चुंगी वसूली के लिए गाड़ियों को रोकने के तौर तरीके पर भी विरोध जताया और कहा कि इसकी वजह से भी आए दिन हादसे हो रहे हैं. चुंगी वसूलने वालों का स्थान बदलने की प्रशासन से मांग की. ट्रैफिक इंचार्ज अजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का मुआयना किया. ट्रैफिक इंचार्ज ने बताया कि कार की तेज रफ्तार की वजह से ही हादसा हुआ है. इसमें एक बुजुर्ग महिला की जान चली गई है.वहीं मृत महिला की शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल ले जाया गया। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

कार और बाइक की सीधी टक्कर, एक की मौत

गुमला । गुमला (टोटो) सदर थाना स्थित दसई टोली निवासी चन्द्र कच्छप अपने निजी कार्य से टोटो ग्राम आया हुआ था। इसी क्रम में छोटा लोरो ग्राम,टोटो पेट्रोल पंप के समक्ष एक खड़े ट्रक के बगल से निकलते वक्त एक कार और बाइक में सीधी और जोरदार टक्कर होने से फलस्वरूप बाइक चालक चंद्र कच्छप के शरीर में अंदरुनी और शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगने के कारण, बाइक चालक को गंभीर स्थिति में और कार चालक लोहरदगा निवासी रामाशीष शर्मा को इलाज के लिये, गुमला सदर थाना पुलिस ने, गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के क्रम में शादीशुदा एक 4 वर्षीय बच्चे के पिता चंद्र कच्छप की मौत हो गयी, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है, वहीं कार चालक को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया और बाद गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त शव को, पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया और पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई स्कूटी, एक की मौत, दो गंभीर

कुडू-लोहरदगा । कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 43ए थाना क्षेत्र के जिमा गांव के समीप शनिवार की दोपहर एक स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला निवासी विवेक भगत 25 वर्ष, और लातेहार जिला अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के लाधुप निवासी अनिल मुंडा 28 पिता ललकु मुंडा और कुलदीप कुमार 24 पिता बालकेश्वर भगत स्कूटी जेएच 07एच - 1530 से कुडू की ओर जा रहे थे।

घाघरा के चुंदरी गांव में सरहुल महोत्सव का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। घाघरा

घाघरा प्रखंड के चुंदरी गांव में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को शाम चार बजे किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत,प्रोफेसर अवध मनी पाठक शामिल हुए।वही चुंदरी पंचायत के कई गांव से आए खोड़हा दल द्वारा नृत्य गीत प्रस्तुत किए गए।वही बच्चियों द्वारा गीत नृत्य किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि सरहुल पर्व प्राकृतिक पर्व है। हमें अपने संस्कृति सभ्यता और परंपरा को संजोय के रखने की जरूरत है। पूर्वजों के धरोहर को आगे बढ़ाने की जरूरत है। आज के परिवेश में युवाओं का भटकाव नशापन किया और हो रहा है उससे बचने की जरूरत है। प्रोफेसर अवध मनी पाठक ने कहा कि प्राकृतिक पर्व सरहुल हमें प्राकृतिक के जल जंगल जमीन जीव जंतु से प्यार करना सिखाता है।हमें सबका संरक्षण करने की जरूरत है। इसके पूर्व अतिथियों को अंग वस्त्र और बैच बनाकर स्वागत किया गया। वही गांव से आए सभी खुदा दलों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा, मुखिया विनीता कुमारी,अंगनि उरांव, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, उपमुखिया अजीत मनी पाठक,सुरेंद्र साहू, राम कुमार भगत, झरी उरांव, दिलबहार अंसारी, शहजाद खान, संजय ठाकुर,सौरव भगत, संदीप जयसवाल, कैलाश महतो,मुनेश्वर उरांव,सुरेंद्र यादव,अनुज महतो, संजेश उरांव, इलाही राय सहित कई लोग उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं को करनी है कड़ी मेहनत : अमरदीप यादव

लोहरदगा। लोहरदगा लोकसभा चुनाव निमित्त भारतीय जनता पार्टी, पिछड़ा जाति मोर्चा लोहरदगा जिला का कार्यसमिति बैठक मोर्चा उपाध्यक्ष प्रेम प्रजापति की अध्यक्षता में हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, अतिथि मोर्चा के गढ़वा जिला प्रभारी अजय कुमार पंकज एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उमेश कांस्यकर उपस्थित रहें। पिछड़ा जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा कि पूरे भारत देश मे ही नहीं, बल्कि पूरा विश्व मे भाजपा की लहर है। आगामी लोकसभा चुनाव में बहुमत सुनिश्चित है। पूरे 14 सीट से विजयी हों इसके लिये हम सभी को मेहनत करना है। भाजपा का जीत भी सुनिश्चित है। कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा जाती मोर्चा महासचिव दुबराज वर्मा तथा रितेश कुमार द्वारा किया गया।

सेविका-सहायिका संघ की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर । झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की बैठक शनिवार को लुथरन बगीचा में सम्पन हुई । बैठक मे मार्गदर्शन के लिए संगठन मंत्री रामचंद्र गोप व जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता उपस्थित रहें। मौके पर जानकारी देते हुए संगठन मंत्री रामचंद्र गोप ने कहा कि जनवरी माह से पोषाहार का पैसा नवंबर तक बाकी है व मानदेय भी नहीं मिला है। तीन साल के बच्चों को भीषण गरमी में केंद्र में रखना मुश्किल हो रहा है।
